* वर्ष 40 * अंक 52 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर मंगलवार दिनांक 19 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक



# दिल्ली की एयर क्वालिटी बेहद खतरनाक

### विजिबिलिटी 150 मीटर : 100 फ्लाइट्स देरी से पहुंचीं, 15 डायवर्ट

## 12वीं तक सभी क्लास ऑनलाइन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में प्रदूषण पिछले 6 दिनों से बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। सोमवार सुबह यहां औसत एक्यूआई 481 रिकॉर्ड किया गया। अशोक विहार और बवाना में एक्यूआई 495 दर्ज किया गया। गुरुग्राम में एक्यूआई लेवल 576 तक पहुंच गया। प्रदूषण के चलते दिल्ली के कई इलाकों में धुंध छाई हुई है। पालम समेत कुछ इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई। इस कारण 100 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी, जबकि एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की 15 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। इनमें से 13 फ्लाइट्स जयपुर, एक लखनऊ और एक देहरादून डायवर्ट हुईं।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने 18 नवंबर 2024 की सुबह 8 बजे से दिल्ली-एनसीआर में बदले हुआ ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के चौथे फेज को लागू कर दिया है।

दिल्ली सीएम आतिशी ने बढ़ते प्रदूषण को मेडिकल इमरजेंसी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में पराली जलाने से दिल्ली की हवा प्रदूषित हो रही है।

उन्होंने कहा कि इसके चलते बुजुर्गों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ रहा है, जबकि बच्चों को सांस लेने के लिए इनहेलर्स की जरूरत पड़ रही है।

आतिशी ने ये ऐलान भी किया कि दिल्ली में 19 नवंबर से 12वीं तक की सभी क्लास ऑनलाइन लगेंगीं। अब तक 10वीं और 12वीं को छोड़कर बाकी क्लासेस ऑनलाइन की गई थीं।

### आज से सभी क्लासेस ऑनलाइन

दिल्ली में ग्रेप-4 के लागू होने साथ ही कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। 12वीं तक सभी क्लासेस ऑनलाइन क्लास चलाने को कहा गया है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों, सांस और दिल के मरीजों, पुरानी बीमारियों से पीड़ितों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। उधर, हरियाणा के भी 5 जिलों के प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। 14 जिलों में ग्रेप-4 के प्रतिबंध भी लागू किए गए हैं।

### 2200 से ज्यादा पुरानी गाड़ियां जब्त

दिल्ली परिवहन विभाग ने 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच 2,234 ज्यादा गाड़ियां जब्त कीं, जो बेहद पुरानी थीं।राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए यह कदम उठाया गया। इनमें 10 साल से ज्यादा पुराने 260 डीजल चार पहिया, 1,156 पेट्रोल दोपहिया वाहन और 15 साल से ज्यादा पुराने 818 पेट्रोल तीन और चार पहिया वाहन शामिल हैं। यह कार्रवाई दिसंबर तक चलेगी। जब्त वाहनों की स्क्रैपिंग या बिक्री के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है।

### दिल्ली में 37% प्रदूषण पराली जलाने की वजह से

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीबीसी) के मुताबिक, रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली की 14 लोकेशन पर एक्यूआई 400+ दर्ज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 37% प्रदूषण दिल्ली और आसपास के राज्यों में पराली जलाने से हुआ है। वहीं, 12% पॉल्यूशन की वजह गाड़ियों से होने वाला कार्बन उत्सर्जन है।

दिल्ली के अलावा हरियाणा के भी कई शहरों में एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है। खतरनाक प्रदूषण को देखते हुए हरियाणा सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में 5वीं तक के बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लासेस चलाने का फैसला किया है।



## पाकिस्तान : मुल्तान में एक्यूआई 2000 पार, लॉकडाउन की घोषणा

**लाहौर ( एजेंसी )।** प्रदूषण से सिर्फ दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में ही कोहराम नहीं मचा है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में तो हाहाकार मच गया है। वहां के पंजाब प्रांत के दो शहरों लाहौर और मुल्तान में पूरी तरह लॉकडाउन लगा दिया गया है। प्रदूषण से हालात इतने बदतर हैं कि मुल्तान शहर में एक्यूआई 2000 पार कर गया है, जबकि लाहौर में लगातार एक्यूआई 1100 के पार बना हुआ है। पाक मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजाब सरकार ने एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) खतरनाक स्तर पहुंचने के कारण लाहौर और मुल्तान में पूरी तरह से लॉकडाउन लागू कर दिया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि लाहौर को दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर करार दिया गया है। पंजाब की वरिष्ठ प्रांतीय मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में धुंध और प्रदूषण से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों पर बल देते हुए कहा है कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य पर संकट आ चुका है और लोग सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने इसकी तुलना कोविड-19 के दौरान अनुभव किए गए खतरों से की है। पंजाब सरकार ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के स्कूलों को 24 नवंबर तक बंद करने की घोषणा की है।



पड़ोसी देश के पंजाब प्रांत में सिर्फ एक हफ्ते में 600,000 से अधिक लोग प्रदूषण जनित बीमारियों से प्रभावित हुए हैं। पिछले एक हफ्ते में 65,000 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। इसे देखते हुए प्रांतीय सरकार ने पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और ओपीडी का समय रात 8 बजे तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा पाकिस्तान के पेशावर और खैबर पख्तुन्ख्वा में भी हेल्थ इमरजेंसी लागू कर दी गई है। पंजाब में लॉकडाउन के दौरान स्कूल-कॉलेज बंद करने के अलावा सभी तरह की यायायात सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं, जबकि होटल-रेस्टोरेंट को रात आठ बजे के बाद बंद रखने का निर्देश दिया गया है। सभी प्राइवेट दफ्तरों को 50 फीसदी वर्क फोर्स के साथ चलाने का आदेश दिया गया है।



### जी-20 शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# 'नई दिल्ली के जन-केंद्रित फैसलों को ब्राजील ने आगे बढ़ाया'



**रियो डी जेनेरियो ( एजेंसी )।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 'सामाजिक समावेशन और भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई' पर जी-20 सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सबसे पहले, मैं जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए किए गए भव्य प्रबंधों और जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति लूला को बधाई देना चाहूंगा। प्र.म. मोदी ने आगे कहा- नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए जन-केंद्रित निर्णयों को ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान आगे बढ़ाया गया है। यह बहुत संतोष की बात है कि हमने एसडीजी लक्ष्यों को प्राथमिकता दी... यह स्पष्ट है कि एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य, इस शिखर सम्मेलन में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि पिछले साल था।

### 'भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी योगदान दे रहा'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले 10 सालों में हमने 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। 800 मिलियन से ज्याजा लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न दिया जा रहा है। 550 मिलियन लोग दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिक भी मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकेंगे। भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी योगदान दे रहा है। हमने हाल ही में मलावी, जाम्बिया और जिम्बाब्वे को मानवीय सहायता प्रदान की है।

### भारत ने ब्राजील की पहल का किया समर्थन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन के लिए ब्राजील की पहल का समर्थन करते हैं। यह नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में अपनाए गए खाद्य सुरक्षा के लिए डेक्कन उच्च स्तरीय सिद्धांतों के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 'खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश प्रभावित'

इस दौरान प्र.म. मोदी ने कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि वैश्विक संघर्षों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से ग्लोबल साउथ के देश सबसे अधिक प्रभावित हैं। इसलिए हमारी चर्चा तभी सफल हो सकती है जब हम ग्लोबल साउथ की चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखेंगे। और जिस तरह हमने नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता देकर ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद किया, उसी तरह हम वैश्विक शासन की संस्थाओं में सुधार करेंगे।




### प्र.म. मोदी ने जो बाइडन से की मुलाकात

वहीं प्र.म. मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान संक्षिप्त बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह उनकी पहली बातचीत थी। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि मोदी और बाइडन के बीच क्या बातचीत हुई। वहीं इस मुलाकात को लेकर प्र.म. मोदी ने 'एक्स' पर बातचीत की तस्वीर के साथ पोस्ट किया, रियो डी जेनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ। उनसे मिलकर हमेशा खुशी होती है। इस तस्वीर में मोदी और बाइडन एक-दूसरे का हाथ थामे चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

## लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका में गिरफ्तार

### सलमान के घर फायरिंग का मास्टरमाइंड, मूसेवाला मर्डर में भी आ चुका नाम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल की अमेरिका में गिरफ्तारी की खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया में उसे गिरफ्तार किया गया है। अनमोल पर सलमान खान के घर फायरिंग कराने का आरोप है। सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर में भी अनमोल का नाम आया था। दिल्ली और मुंबई पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है, लेकिन खुफिया एजेंसी के सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने दो हफ्ते पहले अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अनमोल ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके साथ ही पंजाबी सिंगर सिद्धू



मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी उसका नाम सामने आया है।

**एनआईए ने रखा 10 लाख का इनाम :** हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख रुपए का इनाम रखा था। एजेंसी ने अनमोल के खिलाफ 2022 में दर्ज 2 मामलों में चार्जशीट दाखिल की है। अनमोल का नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में भी शामिल है।

**साल 2012 में दर्ज हुआ था अनमोल पर पहला मामला :** लॉरेंस गैंग में भाणु के नाम से जाने जाने वाले अनमोल पर साल 2012 में पहली बार पंजाब के अबोहर में हमले, मारपीट और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। साल 2015 आते-आते अनमोल पर पंजाब में 6 से ज्यादा मामले दर्ज हो गए थे। इस वक्त अनमोल पर पूरे देश में 22 मामले दर्ज हैं। जिसमें हत्या, टारगेट किलिंग, फिरौती, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराएं लगी हुई हैं।

## महाराष्ट्र : पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर हमला; पत्थरबाजी में घायल



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख पर नागपुर के पास कटोल में हमला हुआ है। बड़ी बात ये है कि यह उन्हीं का विधानसभा क्षेत्र है। इस हमले में वह घायल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी कार पर पत्थरबाजी की गई है, जिसमें वह जख्मी हो गए हैं। हष्ठञ्जङ्क की रिपोर्ट के मुताबिक, अनिल देशमुख नरखेड़ में जब अपनी बैठक समाप्त कर लौट रहे थे, तभी कटोल के पास तिनखेड़ा बिशनूर - जलालखेड़ा रोड पर बेलफाटा के पास कुछ लोगों ने बड़ी संख्या में उनकी कार पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। यह घटना आज देर शाम की है। नागपुर पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है। कार की अगली सीट पर बैठे अनिल देशमुख के सिर से खून बहता हुआ देखा गया। वीडियो में उनके सफेद कुर्ते पर खून के धब्बे भी दिखे। उनका इलाज नागपुर के एलेक्सिस अस्पताल में चल रहा है।

## आईएएस के. संजय मूर्ति को सरकार ने बनाया नया कैग

### 21 को संभालेंगे पद


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने आईएएस ऑफिसर के. संजय मूर्ति को भारत का नया नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किया है। 21 नवंबर से मूर्ति कैग के रूप में पद संभाल लेंगे। 1989 बैच आंध्रप्रदेश कैडर के आईएएस ऑफिसर मूर्ति वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के तौर पर शिक्षा मंत्रालय में कार्यरत हैं।



भारत के वर्तमान कैग गिरीश चंद्र मूर्मू का कार्यकाल 20 नवंबर को खत्म हो रहा है। उन्हें 2020 में कैग नियुक्त किया गया था। उससे पहले मूर्मू केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के पहले उपराज्यपाल थे।

## मणिपुर हिंसा : 7 जिलों में अगले दो दिन इंटरनेट बैन, स्कूल-कॉलेज भी बंद

### केंद्र सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां भेजेगा



**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा के कारण हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। राज्य के 9 में से 7 जिलों में इसका असर है। 16 नवंबर को शुरू हुई हिंसा सोमवार को भी जारी रही। इसे ध्यान में रखते हुए मणिपुर सरकार ने 7 जिलों इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, काकचिंग, कांगपोकपी, थौबल और चुराचांदपुर में इंटरनेट-मोबाइल सर्विस लगा बैन 20 नवंबर बढ़ा दिया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व जिलों में 17 नवंबर को लगाया गया कर्फ्यू भी अगले आदेश तक बढ़ाया गया। साथ ही सभी 7 जिलों स्कूल-कॉलेज और दूसरी संस्थाएं 20 नवंबर तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। सुरक्षाबलों सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। सीएम बीरेन सिंह के आवास और राजभवन की सुरक्षा और बढ़ाई गई है। इधर, दिल्ली में गृह मंत्री शाह ने अधिकारियों संग मणिपुर हिंसा पर लगातार दूसरे दिन रिव्यू मीटिंग की। इसमें इसमें सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की अतिरिक्त 50 कंपनियां (5 हजार जवान) मणिपुर भेजने का फैसला किया गया। 8 नवंबर और 11 नवंबर की हुई घटनाओं की जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई।

दरअसल, 11 नवंबर को सुरक्षाबलों ने जिरिबाम में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ के दौरान कुकी उग्रवादियों ने 6 मैतेई (3 महिलाओं, 3 बच्चों) को किडनैप किया था। पांच के शव 15-16 नवंबर को बरामद हुए थे, एक शव सोमवार को मिला।

## त्राल से लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने हाल ही में दक्षिण कश्मीर में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर हमले के आरोपी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि त्राल के पिंगलिश इलाके में अवंतीपोरा पुलिस, सेना के 42 राष्ट्रीय राइफल्स और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 180 बटालियन ने संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकवादी लुरगाम त्राल निवासी इरशाद अहमद चोपन है। उन्होंने बताया कि चोपन के पास से हथियार और गोला-बारूद सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। बरामद की गई सामग्री में एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 18 कारतूस शामिल हैं। पुलिस ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वह दक्षिण कश्मीर रेंज में आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह 24 नवंबर को त्राल के बटागुंड इलाके में उत्तर प्रदेश के बिजनौर के एक मजदूर शुभम कुमार पर हुए हमले में शामिल था। हमले के तुरंत बाद पुलिस ने त्राल थाना में यूएलएपी एक्ट की धारा और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय तटरक्षकों ने समंदर में 2 घंटे तक पाकिस्तानी जहाज को छकाया, 7 मछुआरों को छुड़ाया

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** भारतीय तटरक्षक बल (ढ्ढष्टत्र) ने समंदर में लगातार दो घंटे से ज्यादा देर तक तक पाकिस्तानी जहाज का पीछा कर सात भारतीय मछुआरों को उनके चंगुल से छुड़ाया है। ये कार्रवाई भारत-पाक समुद्री सीमा रेखा के निकट हुई, जब पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी का एक जहाज भारतीय मछुआरों को पकड़ कर ले जा रहा था, तभी कोस्ट गार्ड के जवानों ने पाकिस्तानी जहाज का लगातार दो घंटे तक पीछा किया और खदेड़ते हुए सात भारतीय मछुआरों को बचा लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार की है। तटरक्षक बल की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि तटरक्षक बल को रविवार दोपहर को मछली पकड़ने के लिए निषिद्ध क्षेत्र (एनएफजेड) के पास काम कर रही एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव से



संकटकालीन संकेत प्राप्त हुआ था। इसके बाद फौरन तटरक्षक बल ने बचाव अभियान के लिए एक जहाज भेजा। इसमें कहा गया, "आईसीजी जहाज ने पीएमएसए जहाज को रोका और उन्हें भारतीय मछुआरों को छोड़ने के लिए राजी किया। आईसीजी जहाज सात मछुआरों को सुरक्षित वापस लाने में सफल रहा, जिनकी चिकित्सा स्थिति स्थिर पाई गई।"

तटीय सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि हालांकि, घटना के दौरान भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव 'काल भैरव' क्षतिग्रस्त हो गई और डूब गई। आईसीजी के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी जहाज लगातार भागने की कोशिश करती रही लेकिन इंडियन कोस्ट गार्ड के (आईसीजी) के जहाज ने उसे रोक लिया और पाकिस्तानी बलों को भारतीय मछुआरों को छोड़ने के लिए राजी करा लिया।

बयान में कहा गया है कि इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भारतीय तट रक्षक बल का जहाज 18 नवंबर को ओखा बंदरगाह पर वापस लौट आया, जहां आईसीजी, राज्य पुलिस, खुफिया एजेंसियों और मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने टक्कर के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों और उसके बाद चलाए गए बचाव अभियान की संयुक्त जांच की।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ राजवंश के 76वें महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ के देवलोकगमन से मेवाड़ सहित पूरे राजस्थान में शोक की लहर है। उनके निधन ने मेवाड़ के इतिहास और संस्कृति के प्रति गहरी श्रद्धा रखने वालों को व्यथित किया है। भारतीय इतिहास संकलन समिति, चित्तौड़ प्रांत के पदाधिकारियों ने सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने समोर बाग पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूर्व महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में मेवाड़ की गौरवशाली परम्पराओं और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखा। महाराणा महेंद्र सिंह जी का जीवन मेवाड़ की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक था। उनके जीवन का आदर्श वाक्य 'जो दृढ़ राखे धर्म को, ताहि राखे करतार' उनके कार्यों में परिलक्षित होता था। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति और विरासत के संरक्षण के प्रति भी पूर्णतः समर्पित थे।

समिति सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी महानता और योगदान को याद किया। समिति ने उनके परिवार और मेवाड़ की जनता के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। समिति के राजस्थान क्षेत्र अध्यक्ष डॉ. मोहनलाल साहू, क्षेत्र संगठन मंत्री छगनलाल बोहरा, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष डॉ. मोहनलाल श्रीमाली, महामंत्री डॉ. विवेक भटनागर, प्रांत संगठन सचिव रमेश शुक्ला, प्रांत प्रचार प्रमुख कौशल मूंदड़ा, उदयपुर जिला अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह खरकवाल, जिला महामंत्री चैनशंकर दशोरा, महानगर अध्यक्ष डॉ. महामायाप्रसाद चैबीसा, महानगर कोषाध्यक्ष ओम खोखावत सहित अन्य सदस्यों ने उनके योगदान को याद किया और कहा कि उनकी विरासत सदैव अमर रहेगी।

### पंजाब के वर्तमान एवं पूर्व राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह बदनोर, भावनगर युवराज जयवीर राज सिंह भावनगर, खिलचीपुर महाराजा प्रियव्रत सिंह, पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती, झालावाड़ महाराजा, चंद्रजीत सिंह झालावाड़, किशनगढ़ महाराज, प्रतापगढ़ महारानी एवं पूर्व सांसद श्रीमती रत्ना कुमारी प्रतापगढ़, बनेड़ा राजाधिराज गोपाल चरण सिंह बनेड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्रवण सिंह बगड़ी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री वीरमदेव सिंह जसास, भाजपा नेता अतुल चंडालिया, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, उदयपुर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदर्शन सिंह करोई के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल एवं कई गणमान्य व्यक्तियों ने समोर बाग पहुंचकर महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके पुत्र विश्वराज सिंह मेवाड़ से मिलकर शोक व्यक्त किया।

### एक्मे फिनट्रेड इण्डिया लिमिटेड की बिजनेस कॉन्क्लेव मीटिंग का हुआ आयोजन




**उदयपुर (पुकार)।** एक्मे फिनट्रेड इण्डिया लिमिटेड की बिजनेस कॉन्क्लेव मीटिंग संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीएमडी निर्मल कुमार जैन एवं वरिष्ठ पदाधिकारी शिवप्रकाश श्रीमाली, केशूलाल मालवी, राजेंद्र चित्तौड़ा, आकाश जैन, जिनित जैन एवं सुरेश चन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। मीटिंग में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की टीमों ने भाग लिया । यह आयोजन कलेक्शन और सेल्स को प्रोत्साहन देने और व्यावसायिक योजनाओं पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से किया गया। बैठक के दौरान कंपनी द्वारा टीमों और व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यशपाल जैन और उनकी टू-व्हीलर टीम, कमलेश जैन एवं उनकी कमर्शियल व्हीकल टीम, दिनेश मटे कलेक्शन टीम, मुंबई को उत्कृष्टता कार्यों के लिए सम्मानित किया गया । श्यामलाल जैसवार टू-व्हीलर टीम, मुंबई को उनके प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। इस बिजनेस कॉन्क्लेव ने सभी टीमों को प्रोत्साहन और नई ऊर्जा प्रदान की। कम्पनी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने कर्मचारियों और टीमों के प्रति सहयोग और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# विधानसभा उपचुनाव: मतगणना दलों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

**उदयपुर (पुकार)।** विधानसभा उपचुनाव 2024 की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को होगी। सलूंबर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना उदयपुर के राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में सोमवार को मतगणना दलों में नियुक्त गणन पर्यवेक्षक, गणन सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण नगर निगम के सुखाड़िया रगमंच में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मतगणना के सहायक रिर्टिनंग अधिकारी उपखण्ड अधिकारी मावली रमेश सिरवी, भीण्डर एसडीएम रमेश बहेडिया व बड़गांव एसडीएम निरमा विश्नोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कार्मिक मौजूद थे।



प्रशिक्षण प्रभारी जितेन्द्र ओझा मतगणना से जुड़ी समस्त व्यवस्थाएं समय पर सुनश्चित करने के निर्देश दिए। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चैबीसा ने मतगणना दलों को पोस्टल बैलेट गणना व ईवीएम से वोटों की गिनती का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया और गणना के समय 17 सी के पार्ट 2 भरने संबंधी जानकारी दी गई। मतगणना दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 21 नवंबर को सुबह 10 बजे सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित होगा। मतणगना दिवस पर मतगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों को सुबह 6 बजे राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय पर रिपोर्ट करनी होगी। संबंधित अधिकारियों को परिचय पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रवेश पास बनाए जाकर वितरित किए जाएंगे। मतगणना के दौरान नियुक्त अधिकारी-कार्मिकों के लिए मतगणना स्थल पर मोबाइल लाना वर्जित होगा।

## सेंट ग्रिगोरियस स्कूल का वार्षिक उत्सव केडेन्स-अ रिदम ऑफ चेंज का दो दिवसीय आयोजन 21 से

**उदयपुर (पुकार)।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव केडेन्स- अ रिदम ऑफ चेंज का आयोजन 21 और 22 नवंबर को किया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्या शुभा जोस ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएसई, अजमेर के श्याम कपूर, संभागीय आयुक्त एवं आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ,उदयपुर की सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, उदयपुर डॉ.लोकेश भारती गोस्वामी होंगे जबकि अध्यक्षता अहमदाबाद डायसिस के बिशप डॉ. गीवर्गीस मार थियोफिलोस करेंगे। अनिल गोस्वामी उप प्राचार्य एवं वार्षिकोत्सव के प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित इस वार्षिकोत्सव में विद्यालय के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले एवं बोर्ड परीक्षाओं में उच्चांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा।

## इंजिनियर विराग मालाती 900 किमी की पैदल यात्रा कर उदयपुर पंहुचे, आज नाकोड़ा जी के लिये निकलेंगे


उदयपुर। नवी मुबंई से नाकोड़ा जी की ग्रीन वोकाथोन की 1200 किमी की पदयात्रा के तहत अब तक 900 किमी की यात्रा कर इंजिनियर विराग मालाती आज उदयपुर पंहुचे। जहां उनका स्वागत किया गया। राकेश धनावत ने बताया कि संगीतकार इजि. विराग को मुबंई से पदयात्रा कर यंहा पंहुचनें में 66 दिन लगे है। वे कल मंगलवार प्रातः 6 बजे नाकोड़ा जी के लिये शेष 300 किमी. की यात्रा करने के लिये पैदल रवाना होंगे। विराग मालाती नाकोड़ा जी के भजनों की प्रस्तुति देते है। विराग वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं समााजिक कार्यकर्ता है। विराग धरती मां को बचानें के लिये उद्देश्य लेकर यह पदयात्रा कर रहे है।

# शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला एवं प्रदर्शनी में उमड़ा उत्साह

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के विद्या भवन गोविंदराम शिक्षक महाविद्यालय में सोमवार को शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। समन्वयक डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 60 चार्ट एवं 32 क्रियाशील मॉडल बनाकर लगाए। चार्ट और मॉडल आकर्षक, विचारोत्तेजक, कम बजट, स्वतः स्पष्ट एवं गतिविधि आधारित थे। विद्यार्थियों ने ये शिक्षण अधिगम सामग्री दस दिवसीय कार्यशाला में पूर्ण की।

प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षा जगत के विद्वान प्रो. एम.पी. शर्मा एवं प्रो. डी.एन. दानी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन कर मार्गदर्शन





दिया। प्रो. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई शिक्षण सामग्री में अवधारणा, कौशल एवं सामग्री का बेहतर उपयोग एवं प्रयोग नजर आया। प्रो दानी ने कहा शिक्षण सामग्री बनाते समय ध्यान रखें कि उसमें केवल एक ही अवधारणा हो, साथ ही वे चिंतनशीलता का विकास करने वाले हो। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान, गांधी शिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉ. भगवती अहीर, अभिलाषा स्कूल के विशेष बालकों सहित संकाय सदस्यों एवं 250 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### 71वां अखिल भारतीय सहकार सप्ताह

# सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार लि. उदयपुर द्वारा आयोजित 71वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह अन्तर्गत सोमवार को सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागडी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से हम समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी तरीके से कर सकते हैं एकजुट होकर हम एक मजबूत एवं समृद्ध समाज बना सकते हैं, जहाँ सभी की आवश्यकताएँ पूरी हो सके। इसलिए हमें सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम मे भण्डार के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सामर ने भण्डार के




क्रियाकलापों एवं प्रारम्भ से इस ऊंचाई तक पहुंचने की यात्रा को विस्तार से सभी को अवगत कराया और कहा कि भण्डार की यह उत्तरोत्तर प्रगति कठिन मेहनत का प्रतिफल है। इस अवसर पर उदयपुर डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी, भूमि विकास बैक के अध्यक्ष रेवाशंकर गायरी, जिला सहकार संघ के उपाध्यक्ष किरण नागोरी, देवनारायण धायभाई, भवर सिंह पंवार, गजराज सिंह, कौटिल्य भट्ट, श्रीमती अलका भारद्वाज ने विचार गोष्ठी एवं समूह चर्चा में अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। अन्त में भण्डार महाप्रबन्धक राजकुमार खांडिया ने आभार जताया। संचालन सुश्री खुशबू शर्मा ने किया। इस अवसर पर सहकारी विभाग के अधिकारी एवं उदयपुर सहकारी उपभोक्ता भण्डार के कार्मिक व उपभोक्ता उपस्थित थे।

## छाजेड़ रोटरी सहायक प्रान्तपाल मनोनीत



**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की वर्ष 2025-26 की प्रान्तपाल रो. प्रज्ञा मेहता ने रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को वर्ष 2025-26 के लिये सहायक प्रान्तपाल मनोनीत किया है। क्लब ट्रेनर निर्मल सिंघवी ने बताया कि छाजेड़ क्लब में सचिव सहित विभिन्न पदों पर 37 वर्षो से रह कर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है।

## बी प्लस

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने विश्व मिर्गी दिवस मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने मिर्गी की बीमारी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की पहल के साथ विश्व मिर्गी दिवस मनाया। मिर्गी एक दीर्घकालिक रोग है, जिससे पीड़ित मरीज को किसी भी वक्त दौरे पड़ते हैं, जिसमें थोड़े समय के लिए होश खोने से लेकर शरीर में गंभीर ऐंठन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। किसी भी उम्र का व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो सकता है, परंतु अक्सर बच्चों और बड़ी उम्र के वयस्कों में इस बीमारी का पता चलता है। मिर्गी कई कारणों से हो सकती है, जिनमें आनुवंशिक कारणों के अलावा सिर में चोट लगना, संक्रमण, स्ट्रोक या ब्रेन ट्यूमर शामिल हैं। हालाँकि, ज़्यादातर मामलों में इसके सटीक कारण का पता नहीं चल पाता है। भले ही यह एक सामान्य बीमारी है, लेकिन अक्सर इसे गलत समझा जाता है जिससे गलत धारणाएँ बनती हैं जो पीड़ित लोगों के जीवन में एक बड़ी रुकावट बन सकती हैं। अक्सर बचपन में ही मिर्गी का पता चल जाता है, लेकिन यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। इसके प्राथमिक उपचार के तौर पर दौरा-रोधी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जिनसे मस्तिष्क की गतिविधि को स्थिर करके दौरे को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। डॉ. चिराग सोलंकी, कन्सल्टेंट न्यूरोसर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद कहते हैं - मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में मिर्गी से पीड़ित ऐसे मरीजों के लिए अत्याधुनिक सर्जरी के विकल्प उपलब्ध हैं, जिन पर दवाइयाँ भी बेअसर हो जाती हैं।

### एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 22 को खुलेगा

**उदयपुर (पुकार)।** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड (एनवायरो इंजीनियर्स या कंपनी), इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में शुक्रवार, 22 नवंबर को अपनी बोली / प्रस्ताव खोलेगी। 10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक इक्विटी शेयरों के कुल ऑफर में 3,86,80,000 इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (फ्रेश निर्गम) और 52,68,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है (बिक्री के लिए प्रस्ताव)। इस ऑफ र में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए 1,00,000 इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है (कर्मचारी आरक्षण भाग)। एंकर निवेशक बोली की तारीख गुरुवार, 21 नवंबर, 2024 होगी। बोली / ऑफ र शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 को खुलेगा और मंगलवार, 26 नवंबर, 2024 को बंद होगा (बोली विवरण)। ऑफ र का प्राइस बैंड रु.140 से रु.148 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।

### एचडीएफसी बैंक को ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2024 में 'भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक' चुना गया

**उदयपुर (पुकार)।** एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2024 में 'भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा प्रकाशित - एक प्रमुख वैश्विक व्यावसायिक प्रकाशन - प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) निजी बैंकों और उनके संचालन वाले क्षेत्रीय वित्तीय केंद्रों की विकास रणनीतियों का विश्लेषण करने में माहिर है। ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स ने खुद को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित निजी बैंकिंग पुरस्कारों के रूप में मजबूती से स्थापित किया है और अब अपने सोलहवें वर्ष में हैं।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बैंकिंग एज ए सर्विस (बीएएएस) राकेश के सिंह के अनुसार, संपत्ति में इस तेज उछाल को बनाए रखने के लिए एक 'हब-एंड-स्पोक' बिजनेस मॉडल का निर्माण करना और साथ ही बैंक के कर्मचारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करना महत्वपूर्ण है। राकेश के सिंह ने कहा कि हमें प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) से यह पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस हो रहा है। यह पुरस्कार ग्राहकों की सेवा के लिए हमारी टीम के समर्पण और लगभग तीन दशकों से एचडीएफसी बैंक पर उनके भरोसे का प्रमाण है। एचडीएफसी बैंक ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर देता है और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, हम एक फिजिटल दृष्टिकोण पर केंद्रित हैं। हमारे वेल्थ मैनेजर भारत भर में 923 स्थानों पर ग्राहकों की सेवा करते हैं। हम अपने एप्लिकेशन - स्मार्टवेल्थ के माध्यम से वेल्थ मैनेजमेंट के लिए तकनीक का लाभ उठाते हैं जो किसी भी समय और कहीं भी वेल्थ मैनेजमेंट लेनदेन, अपडेट और रिपोर्ट को सक्षम बनाता है। हम अपनी प्रतिभा और उनके विकास में निरंतर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि हमारा मानना है कि हमारी टीम हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है।

# मेवाड़ चौबीसा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन





## सैकड़ों समाजजन बने साक्षी

**भींडर(पुकार)।** मेवाड़ चौबीसा चिंतन मंच और चौबीसा समाज द्वारा प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रविवार को बांसड़ा ग्राम, भींडर में आयोजित किया गया। समाजसेवी निर्मला प्रकाश भोजावत की अध्यक्षता, विधायक उदयलाल डांगी के मुख्य आतिथ्य, शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा एवं समाज सेवी लक्ष्मीनारायण गौड़ के विशिष्ट आतिथ्य एवं सभी गांवों के वरिष्ट समाज जनों के सानिध्य में सभी 27 गांवों के एक हजार से अधिक संख्या में समाज जन एकत्रित हुए। समारोह के मुख्य अतिथि उदयलाल डांगी ने अपने विचारों में कहा कि एक साथ इतने सारे ब्राह्मणों का आशीर्वाद मिलना मेरे मेरे भाग्य की बात है निश्चित रूप से समाज में ऐसे आयोजन होने से नव चेतना के अंकुरों को जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। समाज की मुख्य धारा में आकर व्यक्ति आपसी प्रेम समन्वय स्थापित करता है निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से आपसी रिश्ते प्रेम भाव में वृद्धि होगी मेवाड़ चिंतन मंच को में ढेर सारी मंगल कामनाएं बढ़ाएं देता हूं कि उन्होंने एक साथ सैकड़ों प्रतिभाओं का सम्मान किया। समारोह अध्यक्ष निर्मला प्रकाश भोजावत अध्यक्ष नगर पालिका भिंडर ने मातृशक्ति से आव्हान किया की माताएं ही बच्चों को संस्कारित करने का मुख्य आधार रहती है माताएं अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों पर पूर्ण निगाह रखें और बच्चों को संस्कारित करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। माता को संकल्प लेना है कि हम सभी अपने संततियों को आगे बढ़ाने हेतु संकल्पित रहकर उन्हें मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन पश्चात अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा चौबीसा समाज की 265 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले होनहारों में कक्षा 10, 12, महाविद्यालय स्तर पर 2023-24 में उच्च अंक प्राप्त करने वाले, विभिन्न सह शैक्षिक गतिविधियों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करने वाले प्रतिभाशालियों एवं गत 3 वर्षों में राजकीय सेवाओं में चयनित हुए युवा जन सम्मिलित थे।

समारोह को सफल बनाने वाले विभिन्न भामाशाहों एवं सेवा प्रदाताओं को भी मंच द्वारा समारोह में अभिनंदन किया गया। चौबीसा समाज के सामाजिक सरोकार की गतिविधियों हेतु मंच के अध्यक्ष जगदीश जी चौबीसा की वल्लभनगर क्षेत्र में पांच बीघा जमीन की मांग पर अपेक्षित सहयोग की घोषणा करते हुए आयोजकों का हार्दिक आभार किया। अध्यक्ष महोदय एवं समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने उद्बोधन में चौबीसा चिंतन मंच को बधाई देते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन को एक नई शुरुआत बताया प्रेमशंकर उपाध्याय , किशन लाल व्यास, फतह लाल मंदावत, बिहारी लाल लखावत, वैद्य लालशंकर टीलावत, वैद्य कनक प्रसाद व्यास, भंवर लाल चौबीसा, महेंद्र जोशी, लव कुमार चौबीसा, भूपेंद्र जोशी आदि सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में समाज के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का संरक्षण करते हुए, भविष्य की आवश्यकताओं की तरफ देखते हुए मंच के इस प्रयास को चौबीसा समाज के लिए एक मील का पत्थर बताया।

मेवाड़ चौबीसा चिंतन मंच के अध्यक्ष जगदीश चौबीसा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह प्रयास चिंतन मंच द्वारा किया गया है लेकिन इस भव्य सफल समारोह में चौबीसा समाज के बालक, बालिकाओं, महिलाओं, पुरुषों एवं वरिष्ठ जनों का तन, मन एवं धन से सहयोग प्राप्त हुआ है तभी यह एक सफल कार्यक्रम दिखाई दे रहा है। यह एक शुरुआत है, समाज को एकजुट रहते हुए मेवाड़, राज्य, राष्ट्र स्तर पर मजबूती के साथ विकसित चौबीसा समाज बनना है और यह सपना चौबीसा समाज जनों एवं भामाशाहों के सहयोग से अवश्य पूरा होगा। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष मदन लाल दामडिया, महामंत्री ओम प्रकाश वेणावत, संगठन मंत्री भंवर लाल चौबीसा, कमलेश लखावत, त्रिभुवन चौबीसा, राम चंद्र दामडिया,चौबीसा मित्र मंडल हींता, योगेश्वर टेंट हाउस बांसडा, दामडिया परिवार एवं समस्त चौबीसा समाज बांसडा एवं मंच कार्यकारिणी सदस्यों का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिन्होंने दिन रात मेहनत करके समारोह को सफल बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में पहली बार अपने खर्चे से बसे लेकर समाजजन पहुंचे।

संगठन मंत्री हींता निवासी भंवर लाल चौबीसा ने समारोह में सभी की भागीदारी को अपनी मेवाड़ी कविता 'आपा बांसडा चाला' के माध्यम से बखूबी पेश किया।

समारोह के प्रथम सत्र में वीरेंद्र कुमार चौबीसा,जनक उपाध्याय, अनन्त प्रकाश व्यास, भरत किशोर चौबीसा आदि ने युवाओं के लिए निजी और सरकारी क्षेत्रों में करियर पर मार्गदर्शन प्रदान किया एवं लक्ष्य निर्धारित करके कठिन मेहनत हेतु प्रेरित किया।संगठन मंत्री हींता निवासी भंवर लाल चौबीसा हिता ने समारोह में सभी की भागीदारी को अपनी मेवाड़ी कविता 'आपा बांसडा चाला' के माध्यम से बखूबी पेश किया।

कार्यक्रम का जोशीला संचालन नागेश्वर पार्श्वनाथ गौशाला संचालक प्राणी मित्र श्याम चौबीसा ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बालीवुड फिल्मों की पार्श्व गायिका कविता सेठ से कश्ती फाउंडेशन प्रतिनिधियों की मुलाकात



**उदयपुर (पुकार)।** इकतारा और तुम्हीं हो बंधु सखा तुम्ही हो फिल्मी गीत से मशहूर हुई बॉलीवुड फिल्मों की पार्श्व गायिका कविता सेठ लेकसिटी के दौरे पर पहुंची। इस दौरान कला-संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन के लिए समर्पित कश्ती फाउंडेशन प्रतिनिधियों ने कविता से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया और कला व गीत-संगीत विषय पर लंबी चर्चा की।

इस मौके पर कविता ने कहा कि कला भी अनोखी तपस्या है, कलाकार भी फौजियों से कम नहीं होते, कलाकारों को भी जीवन में भी अलग-अलग मोर्चों पर अनेक प्रकार के संघर्षों से सामना करना पड़ता है। मूलतः बरेली की निवासी कठिता ने कहा कि शादी के बाद डीपीएस की नौकरी छोड़कर दिल्ली में ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन में अपनी गायिकी से सबको प्रभावित करना शुरू किया और यहीं से इनकी गायन प्रतिभा को नये रास्ते मिलने लगे। वर्तमान में सूफी म्यूजिकल ग्रुप कारवां का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रही कविता सेठ ने गीत, गजल के साथ लोक गीत भी गा रही है और आपने लंदन स्कॉटलैंड ओस्लो बर्लिन में भी पब्लिक शो किए।

कश्ती फाउंडेशन के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कविता ने कहा कि देश के भविष्य युवाओं को कला की ओर मोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने कश्ती फाउंडेशन द्वारा 5 सरकारी स्कूलों के बच्चों के साथ युवा कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे भी इस प्रकार के संगठन से जुड़ने में रूचि रखती हैं। उन्होंने वर्तमान युग में कला और कलाकारों के संरक्षण-संवर्धन के प्रयासों की जरूरत बताई और कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि वे भी एक स्कूल टीचर रहीं हैं और उन्होंने नौकरी छोड़कर गायन की ओर उन्मुख हुई और मुकाम हासिल किया। इसी प्रकार से हर व्यक्ति को अपनी पसंदीदा कला में हाथ आजमाना चाहिए।

इस अवसर पर कश्ती फाउंडेशन की ओर से हेमंत जोशी, डॉ. कमलेश शर्मा, संदीप राठौड़, नीलोफर मुनीर आदि ने कविता को फाउंडेशन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि कविता के दो सूफी गजल एलबम, वो एक लम्हा तथा दिल ए नादान भी जारी हुए हैं। सूफियाना और हजरत कविता के अन्य एलबम हैं। कविता को स्टार स्क्रीन अवार्ड तथा इंटर नेशनल इंडियन फिल्म अकेडमी अवार्ड भी मिल चुके हैं।

### उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में आने वाली पंचायतों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने पंजाब के महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं राजस्थान सरकार के स्वायत शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिखकर उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में आने वाली पंचायतों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। विधायक मीणा ने पत्र में बताया कि उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में जो ग्राम पंचायतें सम्मिलित की हुई है उन पंचायतों में यू.डी.ए. द्वारा किसी प्रकार की आधारभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है केवल मात्र पेराफेरी क्षेत्र में पंचायतों को सम्मिलित कर लिया गया है। जिसके कारण इस क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हो पाया है। ना ही ग्राम पंचायतों के पास इतना बजट है कि वह साफ-सफाई, रोड़-लाईटे, सड़कों को प्रमुखता से समय पर निर्माण कार्य करवा सकें। उदयपुर में बहुत सी ग्राम पंचायतें जो कि नगर निगम की सीमा के पास में स्थित है अगर उन पंचायतों को नगर निगम में लिया जाता है नगर निगम से साफ-सफाई, नाली-रोड़, लाईटों, सड़के, पानी की सप्लाई आदि सुविधाओं सुचारू रूप से मिल सकेगी ओर इन पंचायतों का विकास होगा।

### ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष स्थान रखने वाली धोली बावड़ी को पुनर्जीवित कराने की अपील

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी मदन मोहन टांक ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को पत्र लिखकर शहर में ऐतिहासिक दृष्टि से अपना विशेष स्थान रखने वाली धोली बावड़ी को पुनर्जीवित कराने की अपील की है। पत्र के माध्यम से टांक ने कटारिया को अवगत कराया कि आप सदैव शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध रहे है और आपके प्रयासों से शहर के कई ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों को विशिष्ट पहचान मिली है।

इस पत्र में धोली बावड़ी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह बावडी उदयपुर शहर की सबसे सुन्दर बावडी थी। यदि इस बावड़ी को पुनः जागृत कर दिया जाए तो निश्चित रूप से इसे पर्यटक देखने आयेंगे। इससे सुन्दर बावड़ी उदयपुर में न तो कभी थी, न है और न कभी नई बन सकती है। इस ऐतिहासिक व मेवाड की धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिये आपसे आग्रह है कि इसके लिए प्रसाशनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने हेतु संबंधित को निर्देशित करे।

उल्लेखनीय है कि सन् 1882 में तत्कालीन महाराणा सज्जन सिंह जी ने दिल्ली दरवाजे के अन्दर एक बावड़ी का निर्माण कराया था। यह तीन मंजिला बावड़ी राजनगर के सफेद मार्बल से बनाई गई थी। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर 29 जुलाई 1882 को महाराणा सज्जन सिंह जी बग्गी में बैठकर बावड़ी को देखने आये। (हकीकत बहिडा महाराणा सज्जन सिंह, पृष्ठ सं. 455) बावडी को देखते उन्होंने आश्चर्य से कहा कि अरे या तो घोली वावडी है। तभी से यह बावड़ी व इसके आस-पास का क्षेत्र धोलीबावड़ी के नाम से जाना जाता है।

### खरपतवार प्रबंधन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय के अंतर्गत खरपतवार नियंत्रण पर विस्तार अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा ने फसल उत्पादकता और स्थायी कृषि पद्धतियों को सुनिश्चित करने में प्रभावी खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि फसलों के उत्पादन में खरपतवार एक गंभीर समस्या है खरपतवारों का प्रकोप अक्सर मृदा प्रकार, वर्षा, मौसम, फसल प्रणाली, इत्यादि कारणों द्वारा प्रभावित होता है। खरपतवारों की तीव्रता की वजह से कभी- कभी फसल पूर्णत नष्ट हो जाती है। इसलिए विभिन्न प्रकार की फसलों का अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए खरपतवारों का कुशल एवं समय पर प्रबंधन आवश्यक है। डॉ. हरि सिंह ने कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए खरपतवार से आर्थिक नुकसान एवं उनकी रोकथाम पर बोलते हुए कहा की प्रशिक्षण में सामान्य और आक्रामक खरपतवार प्रजातियों की पहचान, मैनुअल और रासायनिक खरपतवार नियंत्रण के सर्वोत्तम तरीकों, और पर्यावरण के अनुकूल नवीनतम तकनीकों सहित कई विषयों को शामिल किया गया। कार्यशालाओं और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से, विस्तार अधिकारियों को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने योग्य व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। डॉ. रविकांत शर्मा ने देश के विभिन्न हिस्सों में लागू की गई फसल खरपतवार नियंत्रण रणनीतियों के अध्ययन प्रस्तुत किए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता उदयपुर के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को होगा। प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा होने वाली लोक अदालत के तहत विशेष प्रि-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन कर एसबीआई बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। एडीजे ने बताया कि ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लंबित नहीं है लेकिन भविष्य एसबीआई बैंक द्वारा न्यायालय में संस्थित करवाए जा सकते है ऐसे प्रकरणों को 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाते हुए पक्षकारों को समझाकर अधिकाधिक रियायत प्रदान करते हुए निस्तारण करने को कहा। जिससे बैंक के ग्राहको को न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पडे एवं बैंक के समक्ष ग्राहक की साख भी बनी रहे।

### सुचारू परिवहन और देवास परियोजना से निकलेगी उदयपुर के विकास की गंगा : कटारिया

# शहर को मिली बड़ी सौगात : सिटी रेलवे स्टेशन से कलक्टर निवास तक एलिवेटेड रोड़ की आधारशिला

### 136.89 करोड़ की लागत से 2.75 किमी की टू लेन एलिवेटेड रोड़ का होगा निर्माण





फोटो : ऋषभ जैन

**उदयपुर (पुकार)।** पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि उदयपुर शहर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सुचारू परिवहन के लिए बन रही सड़कें और एलिवेटेड रोड़ तथा देवास परियोजना के फेज तृतीय व चतुर्थ के माध्यम से उदयपुर में आने वाले वर्षों में विकास की गंगा बहेगी।

कटारिया सोमवार शाम को नगर निगम परिसर में बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रोड़ के भूमि पूजन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सिटी रेलवे स्टेशन से कलक्टर निवास तक 2.75 किलोमीटर लम्बी टू लेन एलिवेटेड रोड़ का निर्माण करीब 2 वर्ष में पूर्ण होगा तथा इस पर 136.89 करोड़ रूपए की लागत आएगी। भूमि पूजन समारोह में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, शहर विधायक श्री ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, महापौर गोविन्द सिंह टांक, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

कटारिया ने विधिपूर्वक पूजन कर तथा डिजिटल शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर एलिवेटेड रोड़ के अति महत्वांकाक्षी प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने कहा कि उदयपुर को प्रकृति और पूर्वजों ने बहुत कुछ दिया है। उसे संभालने और आगे बढ़ाने का दायित्व सभी उदयपुरवासियों का है।

उन्होंने कहा कि अरब सागर में बह कर जाने वाले पानी को उदयपुर लाने का बरसों पूर्व देखा गया सपना देवास परियोजना के रूप में पूरा हो रहा है। एलिवेटेड रोड वर्तमान में शहर



की बड़ी आवश्यकता है। लंबे संघर्ष के बाद यह सपना भी अब पूरा होने जा रहा है। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के काम भी प्रस्तावित हैं। आने वाले समय में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए हो रहे यह काम और देवास परियोजना उदयपुर के विकास का आधार बनेंगी।

उन्होंने एलिवेटेड रोड़ निर्माण का कार्य करने वाले एजेंसी तथा अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करते हुए पीढ़ियों के लिए उपयोगी सड़क बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को उदयपुर के विकास के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का संदेश दिया। समारोह में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन तथा उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रारंभ में नगर निगम के महापौर गोविन्दसिंह टांक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एलिवेटेड रोड निर्माण के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। महापौर सहित सभी पार्षदगणों ने अतिथियों का उपरणा ओढ़ा कर, पगड़ी पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, एसपी योगेश गोयल सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, पार्षदगण तथा शहरवासी उपस्थित रहे।

### आईएमए खेल महोत्सव : क्रिकेट, बेडमिंटन और टेबल टेनिस में डॉक्टर्स ने दिखाई प्रतिभा

## खेल के मैदान में भी डॉक्टर्स ने अपने हुनर का दिखाया दम, बोले-हम नहीं किसी से कम

**उदयपुर (पुकार)।** मौका मिले तो डॉक्टर्स भी खेल में अपना हुनर दिखा सकते हैं। पीवी संधू और लक्ष्य सेन की तरह स्मैस मार सकते हैं तो सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा की तरह पुल और हैलीकॉप्टर शॉट मारकर बॉल को मैदान के बाहर पहुंचा सकते हैं। स्पोर्ट्स के रीयल हीरो को दिलोदिमाग में रखकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उदयपुर शाखा के सदस्य चिकित्सकों ने रविवार को अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। अवसर था आईएमए के वार्षिक खेलकूद महोत्सव का।

वैकुंठ स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित इस महोत्सव में आईएमए के सदस्यों के लिए क्रिकेट, टेबल टेनिस और बेडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

सभी खेल स्पर्धाओं में शहर के डॉक्टर्स ने अपनी भागीदारी निभाते हुए प्रतिभा को दिखाया। इस अवसर पर आईएमए उदयपुर के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में शरीर को अगर फिट रखना है तो खेल एक्टिविटी बेहद जरूरी है। सभी को फिट रखने के अपने कीमती समय में से कुछ समय अपने लिए निकालना चाहिए और खेलों को महत्व देना चाहिए। आयोजन का शाम को समापन हुआ, जिसमें विजेताओं को



प्रशंसा पत्र, ट्रॉफी देकर अतिथियों की ओर से सम्मानित किया गया।

**ये रहे महोत्सव को सफल बनाने के लिए मौजूद**

कार्यक्रम के आईएमए उदयपुर के सचिव डॉ. प्रशांत अग्रवाल समेत संगठन के डॉ. दीपक शाह, डॉ. उमेश स्वर्णकार, डॉ. निलेश पतीरा, डॉ. शिव कोशिश सहित कई सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान इवेंट को सफल बनाने के लिए अल्पेश लोढ़ा को भी सम्मानित किया गया।

**ये बने खेल महोत्सव के विजेताः** बेडमिंटन प्रतियोगिता

पुरुष वर्ग (सिंगल) : डॉ. एनके लोहार विजेता, डॉ. उमेश स्वर्णकार उप विजेता, पुरुष वर्ग (डबल) : डॉ. मोहित बड़गुर्जर-डॉ. एनके लोहार विजेता, डॉ. विश्वास बाहेती-डॉ. उमेश स्वर्णकार उप विजेता

महिला वर्ग (सिंगल) : डॉ. बबीता कनावत विजेता, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल उप विजेता, महिला वर्ग (सिंगल) : डॉ. बबीता-डॉ. विनीता विजेता, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल-डॉ. नीतू उप विजेता

**क्रिकेट प्रतियोगिता** : पुरुष टीम विजेता : यंग फायटर्स टीम, टीम : डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मोहित सक्सेना, डॉ. मोहित, डॉ. कार्तिकेय कोठारी, डॉ. कृष्णा गोपाल

**उप विजेता : मीरानगर स्टार्स**

टीम : डॉ. नीलेश पतीरा, डॉ. पवन, डॉ. अनूप पालीवाल, डॉ. दीपक शाह, डॉ. शिव कौशिक, डॉ. श्वेताभ पुरोहित

महिला टीम विजेता : अवीज रॉकर्स, टीम : डॉ. वनिता, डॉ. बबीता, डॉ. प्रियंका, डॉ. प्रिया, डॉ. अंशिता, डॉ. ऋचा

**उप विजेता : रेडिएंट रोजेज**

टीम : डॉ. सुनीता, डॉ. स्नेहलता, डॉ. वंदना, डॉ. प्राची, डॉ. नंदना, डॉ. मंयका सेठ,

**टेबल टेनिस प्रतियोगिता**

पुरुष वर्ग (सिंगल) : डॉ. विश्वास बाहेती विजेता, डॉ. संजय प्रकाश उप विजेता, पुरुष वर्ग (डबल) : डॉ. विश्वास बाहेती-डॉ. सौम्य अग्रवाल विजेता, डॉ. संजय अग्रवाल-डॉ. अनिल गुप्ता उप विजेता, महिला वर्ग (सिंगल) : डॉ. किरण सिंघवी विजेता, डॉ. प्रियंका उप विजेता

महिला वर्ग (सिंगल) : डॉ. किरण-डॉ. प्रियंका विजेता, डॉ. ऋचा गुप्ता-डॉ. बबीता उप विजेता

## विदेशी कॉलगर्ल पर गोली चलाने वाले चारों अय्याशों को भेजा जेल

**उदयपुर (पुकार)।** यहां सुखेर थाना क्षेत्र में विदेशी कॉलगर्ल पर फायर के बाद उसे घायलावस्था में अस्पताल में छोड़ भागने वाले चारों अय्याशों को पुलिस ने रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली। इधर पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने थाई युवती से 15 हजार रुपए में सौदा तय कर उसे चित्रकूटनगर स्थित होटल पर बुलाया था। सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने बताया कि नौ नवंबर को चित्रकूटनगर स्थित होटल रत्नम के रिसेप्शनिस्ट भावेश वैष्णव पुत्र अर्जुनदास निवासी मनादर सिरोही ने रिपोर्ट दी थी कि 8 नवंबर को सुबह करीब सात बजे अक्षय खूबचंदानी अपने तीन दोस्त के साथ आया था। इन लोगों ने दिनभर शराब पी। इसके बाद अक्षय ने कमरा संख्या 104 बुक किया, जहां वह अपने दोस्तों के साथ था। रात करीब डेढ़ बजे एक युवती आई और सीधे इनके कमरे में चली गई। इसके बाद इन लोगों ने बाहर से शराब लाकर पी। कुछ देर के बाद कमरे से गोली चली थी।

इस घटना में उक्त थाई युवती घायल हो गई थी। तुरत-फुरत सभी युवक इस युवती को गोद में उठाकर कैब से अस्पताल ले गए। इस मामले में गिरफ्तार अक्षय पुत्र दीपक खूबचंदानी निवासी शिव मंदिर के पीछे प्रतापनगर, राहुल पुत्र महेन्द्रसिंह गुर्जर निवासी मीणा वास स्वरुपगंज, ध्रुव पुत्र इन्द्रप्रकाश सुहालका निवासी मीरा नगर हाल हर्ष नगर व महिम पुत्र नन्दकिशोर चौधरी निवासी आदर्श नगर यूनिवर्सिटी रोड को रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 29 कार्टन शराब सहित गाड़ी जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना पुलिस ने दीपक पुत्र मुकेश कुमार निवासी नारायणजी का मोहल्ला देवगढ़ हाल बोहरा गणेशजी चौराहा को जीप में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया।

विभिन्न ब्राण्ड की अंग्रेजी शराब के 29 कार्टन सहित गाड़ी महेन्द्रा थार जीप नम्बर आरजे 27 यूए 6521 जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 2 लाख 53 हजार 210 रुपए बताई गई है। कार्यवाही में कानि. करतार सिंह और कानि. चन्द्रकुमार की विशेष भूमिका रही।

## उदयपुर के खिलाड़ियों ने जीते 16 स्वर्ण सहित 26 पदक

**उदयपुर (पुकार)।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित तीसरी राजस्थान जुजुत्सु चैम्पियनशिप में उदयपुर के 19 खिलाड़ियों ने अलग-अलग इवेंट में 16 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। उदयपुर टीम के कोच एवम उदयपुर जुजुत्सु एसोसिएशन के सचिव रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया कि मनीष सालवी सीनियर कैटेगरी 69 किग्रा फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल, फूल कॉन्टेक्ट में गोल्ड और निवाजा में ब्रॉन्ज मेडल, राहुल सुहालका 50 किग्रा फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल, देवांश चौरसिया 60 किग्रा फाइट इवेंट में सिल्वर, धारा बंदवाल 52 किग्रा फाइट इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल, विकास सालवी सीनियर 56 किग्रा फूल कॉन्टेक्ट में गोल्ड, फाइटिंग में ब्रॉन्ज और निवाजा में सिल्वर मेडल जीता। इसी प्रकार हरिसिंह देवड़ा 62 किग्रा. फाइटिंग इवेंट और फूल कॉन्टेक्ट में गोल्ड मेडल, साकेत सांवरिया अन्डर-12 30 किग्रा फाइटिंग इवेंट और निवाजा में गोल्ड मेडल, हर्षिल राठौड़ अन्डर 10 25 किग्रा फाइटिंग इवेंट में सिल्वर, लेखांश कावड़िया अन्डर-8 28 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, रूद्र मीणा 21 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, हर्षित चौधरी अन्डर-10 25 किग्रा फाइटिंग इवेंट में ब्रॉन्ज, धृत जैन 25 किग्रा निवाजा इवेंट में सिल्वर, युवान जैन अन्डर- 12 38 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, देवराज सिंह अन्डर 14 में 38 किग्रा फाइटिंग इवेंट में ब्रॉन्ज, लक्ष्यवीर सालवी 38 किग्रा फाइटिंग इवेंट में सिल्वर, मेघांशी कावड़िया अन्डर 12 में 40 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, कियोष्का कुमावत अन्डर 10 में 30 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, टीशा बन्दवाल अन्डर 14 में 36 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड, आरुषि चौरसिया 44 किग्रा फाइटिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उदयपुर जुजुत्सु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राजस्थान ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अरुण के द्वारा सम्मानित किया गया।

## महाकुंभ मेला -2025 के लिए उदयपुर सिटी-धनबाद स्पेशल रेल सेवा का संचालन

**उदयपुर।** रेलवे की ओर से महाकुंभ मेले-2025 के लिए उदयपुर सिटी-धनबाद एवं बाड़मेर-बरौनी स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उदयपुर सिटी-धनबाद स्पेशल रेल सेवा उदयपुर सिटी से 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात 8.55 बजे आगमन व रात 9.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात 9 बजे धनबाद पहुंचेगी। धनबाद-उदयपुर सिटी स्पेशल रेल सेवा धनबाद से 20 जनवरी को रात 11 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर रात 1.30 बजे आगमन व 1.40 बजे प्रस्थान कर सुबह 9.40 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।

यह रेल सेवा मार्ग में राणा प्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजय नगर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ व गोमोह स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### दो चचेरी बहनों के विषाक्त सेवन कर आत्महत्या मामले में

## आरोपी शारीरिक संबंध बनाने का बना रहा था दबाव, मामला दर्ज

**उदयपुर।** जिले के गोगुदा थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो चचेरी बहनों के विषाक्त सेवन कर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने उत्तरप्रदेश के एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कि आरोपी दोनों बहनों पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों बहनें इस युवक से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आई थी।

बातचीत के दौरान युवक ने इन पर संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। साथ ही मना करने पर बदनाम करने की धमकी दी थी। इससे आहत होकर दोनों बहनों ने घर से करीब दो सौ मीटर दूर जाकर बीड़े में विषाक्त का सेवन कर लिया था। पुलिस ने आरोपी युवक शहबाज पुत्र तहसीन निवासी अब्दुला मोगरी गुलावी, हापुड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस युवक की गिरफ्तारी के लिए टीमों को रवाना किया, जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

## युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के ऋषभदेव क्षेत्र में गत दिनों ससुराल गए युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी दिलीप पुत्र मनोहर निवासी बिलख कलावत को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मणिदेवी पत्नी नारायण ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया था कि वह 1 नवंबर 2024 को अपने मकान के सामने खेत में बकरियां चरा रही थी। उसकी बेटी कांता और जमाई बाबूलाल आए हुए थे। शाम करीब 4 बजे जमाई बाबूलाल पैदल दुकान पर गुटखा लेने गया था। घर लौटते समय रास्ते में दिलीप ने उसके जमाई को आवाज देकर रोका। वह नहीं रुका तो दिलीप बहसबाजी करने लगा और हाथापाई की नौबत आ गई।

दिलीप ने जेब से धारदार चाकू निकालकर बाबूलाल को जान से मारने के लिए उसके पेट पर वार किया। बाद में दिलीप अपने घर की तरफ भाग गया। बाबूलाल को उदयपुर एमबी हॉस्पिटल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई थी।

### उदयपुर के खिलाड़ियों ने जूडो में दिखाया दम

**उदयपुर (पुकार)।** झुंझुनूं में 16 से 18 नवम्बर तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय जूनियर ओर सीनियर जूडो प्रतियोगिता श्रीजी जूडो ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मैडल सहित कुल 9 मैडल जीते। जिला जूडो संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि जूनियर वर्ग में 57 किग्रा में दिव्या पंवार ने स्वर्ण, 78 किग्रा में इरम ने सिल्वर मेडल, गंगा थापा ने 48 किग्रा में कांस्य, नीलेश खटीक ने 60 किग्रा में कांस्य पदक जीता। वहीं सीनियर वर्ग में गंगा थापा ने 48 किग्रा में, प्रिया सिंह ने 70 व किरण सोनी ने 78 किग्रा में सिल्वर तथा ज्योति वैष्णव ने 57 किग्रा में कांस्य पदक जीता। टीम प्रशिक्षक भावना राठौड़ एवम चुन्नीलाल गमेती रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गायत्री शक्तिपीठ को उपमुख्यमंत्री ने चांदी का सिक्का नींव पूजन में किया भेंट

**राजसमंद(पुकार)।** जिले के नाथद्वारा में सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ में नीव पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गायत्री शक्तिपीठ को एक अनमोल तोहफा भेंट किया है।



उन्होंने नीव पूजन के लिए चांदी का 50 ग्राम का सिक्का भेंट किया है। भाजपा जिला मीड़िया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा भेंट किया गया चांदी का सिक्का नींव पूजन में रखा। गौरतलब है कि चांदी का सिक्का नींव पूजन में विशेष महत्व रखता है। गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित यह नींव पूजन कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गायत्री शक्तिपीठ के इस पावन कार्यक्रम के लिए कहा कि यह कार्यक्रम धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### सरकार ने एमएसपी बढ़ाई

**राजसमंद (पुकार)।** भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार राजस्थान में इस वर्ष गेहूं की खरीद के लिए सरकारी मूल्य मे भारी बढ़ोतरी की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज के मूल्य का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहूं बेचने के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय उदयपुर के अधीनस्थ राजस्व जिलों उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ व राजसमंद में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस उद्देश्य के लिए इन जिलों में 18 खरीद केन्द्र खोले जाने हैं। जिसके अंतर्गत राजसमंद जिले में कांकरोली, मदारा, कुरज। चित्तौड़गढ़ जिले में डूंगला, भादसोड़ा, कनेरा, पहुना, निम्बाहेड़ा, बस्सी, जावदा, आकोला। उदयपुर जिले में वल्लभनगर। बांसवाड़ा जिले में छींच, बड़ोदिया, गनोडा एवं तलवाड़ा। प्रतापगढ़ जिले में प्रतापगढ़ एवं छोटी सादड़ी में खरीद केंद्र खोले गए हैं। जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित किया जा सकें। भारतीय खाद्य निगम द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद का कार्य पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। किसान अपना पंजीकरण पोर्टल पर ई- मित्र, अटल सेवा केंद्र एवं अन्य माध्यम से करवा सकते हैं।

### आज रहेगी विद्युत आपुर्ति बाधित

**राजसमंद(पुकार)।** 220/132 के.वी जीएसएस कांकरोली पर आवश्यक रखरखाव होने के कारण मंगलवार को इससे जुडे 132/33 के.वी जीएसएस कांकरोली, नाथद्वारा, दरिबा, सनवाड से निकलने वाले सभी 33/11 के.वी जीएसएस से जुडे समस्त क्षेत्रो जैसे- कांकरोली शहर, नाथद्वारा शहर, कुंवारिया, मोही, एमडी, बडारडा, रेलमगरा, दरिबा, गिलुण्ड की विधुत आपूर्ति दोपहर 1 बजे से शाम 5 तक बाधित रहेगी।

### 22 गौशालाओं के लिए 4 करोड़ 7 लाख की सहायता वितरण का अनुमोदन

**राजसमंद(पुकार)।** जिला कलक्टर एवं जिला गोपालन समिति अध्यक्ष बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गोपालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परिषद एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ पुरुषोत्तम पत्की, कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल, संयुक्त निदेशक कृषि विनोद कुमार जैन उपस्थित रहे। बैठक में गोपालन विभाग द्वारा जिले की 22 पात्र गौशाला में संधारित 10187 गोवंश के भरण पोषण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण (अप्रैल, मई, जून एवं जुलाई 2024) कुल 120 दिन के लिए 4 करोड़ 7 लाख 28 हजार रुपये की सहायता राशि वितरण करने के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। गोपालन विभाग द्वारा जिले की 2 पात्र गौशालाएं यथा श्री धेनु गोपाल गौशाला सेवा समिति सियाणा, आमेट एवं आदेश गोपालन एवं संरक्षण केन्द्र राबचा देलवाड़ा को अनुदानित दर पर गौ काष्ठ मशीन वितरित किए जाने के लिए अनुमोदन किया गया। जिला कलक्टर ने जिले की गौशालाओं में गायों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारे, पानी और चिकित्सा सुविधा का प्रबंध प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए।

### 71वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह में सहकारी संगठनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा 71वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को कांकरोली क्रय-विक्रय सहकारी समिति कांकरोली के तत्वावधान में सहकारी संगठनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष किशनलाल कुमावत ने की। इस दौरान धर्मनारायण पालीवाल, जेआर बिश्नोई, दिनेश जांगिड़, कालूराम, गजेन्द्रसिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश आमेटा, पवन कुमार औदिच्य, मधुसुदन जोशी, मनीष कुमार बागोरा, सौरभ कुमार शर्मा आदि ने सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर अपने विचार व्यक्त किए। संचालन समिति के व्यवस्थापक कैलाश तलेसरा ने किया।

### प्रणय साहित्य दर्पण की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** प्रणय साहित्य दर्पण की ओर से काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। ऑनलाइन काव्य गोष्ठी के अंतर्गत प्रबोधिनी एकादशी, गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा मुख्य विषय रहे। गोण्डा उत्तर प्रदेश सुधीर श्रीवास्तव ने स्वागत किया। अध्यक्षता शिवकुमार गुप्त निवाड़ी मध्य प्रदेश ने की। प्रणय साहित्य दर्पण संस्था सीतापुर उत्तर प्रदेश ने कार्तिक मास, प्रबोधिनी एकादशी, प्रकाश पर्व विशेष ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन निशा बुधे झा निशामन जयपुर ने किया एवं सपना यशवर्धन व्यास ने शानदार मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव प्रणय ने शुभकामना संदेश दिया। सभी के द्वारा बहुत ही सुंदर और भक्तिभाव के साथ गुरुनानक के साथ जुड़ी गाथाएं व रचना प्रस्तुत की गई। गुरु नानक प्रकाश पर्व की धारा में सभी बह निकले पटल प्रकाश मय हो गया। इस दौरान अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त निवाड़ी मध्य प्रदेश, संरक्षक सुधीर श्रीवास्तव गोंडा, नंदकिशोर बहू खेड़ी देहरादून, अविनाश खरे पुणे, विष्णु शंकर मीणा हरि नगर पीपल्दा कोटा, उमाकांत भारद्वाज सविता लक्ष्य भिण्ड मध्य प्रदेश, गणेश प्रसाद गौतम प्रज्ञेय सीधी मध्य प्रदेश, डॉ शशि जायसवाल प्रयागराज, सपना यशवर्धन व्यास, निशा निधी बोथरा जैन पश्चिम बंगाल, विशाखा सनाढ्य तिवारी राजस्थान, संध्या श्रीवास्तव, राजेश तिवारी व निशा बुधे झा निशामन जयपुर आदि द्वारा शानदार प्रस्तुत दी गई।

# स्काउट आन्दोलन अनुशासित एवं सुनागरिक तैयार करता है : सुयेश लोढ़ा





**राजसमंद (पुकार)।** स्काउट आन्दोलन अनुशासित एवं सुनागरिक तैयार करता है। यह विचार राज्य संगठन आयुक्त गाइड जयपुर ने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड बालक-बालिकाओ को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। राजसमन्द सी.ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय की ओर से सूर्योदय उमावि एमडी में 20 नवम्बर तक राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि राज्य पुरस्कार जांच शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य आतिथ्य पद पर राज्य संगठन आयुक्त गाइड जयपुर राज्य मुख्यालय की सुयेश लोढ़ा थी। विशिष्ठ अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर मण्डल के मनमोहन स्वर्णकार, उदयपुर मण्डल की सीओ गाइड विजयलक्ष्मी, सूर्योदय उमावि के संस्थापक प्यारेलाल कुमावत थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने ध्वजारोहण कर प्रार्थना सभा एवं झंडा गीत के माध्यम से शिविर की शुरूआत की। स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि अतिथियों का प्रसादी इकलाई, पागडी व शॉल से सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश टांक ने स्वागत किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त टांक ने उच्च अधिकारियों का जनरल सैल्यूट से स्वागत करवाया। बालक-बालिकाओं को राज्य संगठन आयुक्त गाइड जयपुर एवं सहायक संगठन आयुक्त उदयपुर मण्डल ने बालकों को सम्बोधित करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद जिले के समस्त स्थानीय संघ सचिव, सहायक सचिव एवं संयुक्त सचिव व सक्रिय स्काउटर -गाइडर की बैठक लेकर जिले की स्काउटिंग-गाइडिंग को प्रगति की ओर ले जाने के लिए किये जाने वाले प्रयास एवं बिन्दुओं पर चर्चा की। राज्य पुरस्कार जांच शिविर में जिले के 170 स्काउट व गाइड राज्य पुरस्कार के लिए अपना टेस्ट दे रहे हैं। इस दौरान स्थानीय संघ सचिव देवगढ़ के रामसिंह चौहान, स्थानीय संघ रेलमगरा के प्रेमसिंह राणावत, स्थानीय संघ राजसमन्द के धर्मेन्द्र गुर्जर, जिला सहायक सचिव राधेश्याम राणा, स्थानीय संघ सचिव आमेट के गिरिराज डाकोत, यशवन्त शर्मा, शीला शर्मा, संयुक्त सचिव निर्मला धोबी, आशा सुखवाल, केसर सालवी, कुम्भलगढ़ के विक्रमसिंह शेखावत, जसराज सरगरा, रेलमगरा के सुरेशचन्द्र खटीक, नारायण सुथार, हेमचन्द्र शर्मा, सुयेश लोढ़ा आदि मौजूद थे। इसके बाद राज्य एवं मण्डल पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय का भी अवलोकन किया।

एलपीएस स्कूल का किया निरीक्षण

लक्ष्मीपत सिंहानिया स्कूल में राजस्थान प्रांत की स्काउट एंड गाइड आयुक्त सुयश लोढ़ा ने टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों को हस्तशिल्प कला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में एनजीसी इको क्लब द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की एवं प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एएसओसी मनमोहन स्वर्णकार, स्काउट एंड गाइड उदयपुर सीओ विजयलक्ष्मी एवं सीओ राजसमंद अभिलाषा मिश्रा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने किया शिक्षा मंत्री का स्वागत

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के राजसमंद आगमन पर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य के नेतृत्व में सर्किट हाउस में उनसे अनौपचारिक भेंट कर उनका स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। संघ के जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी ने बताया कि एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करने राजसमंद आए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का संगठन की ओर से इकलाई पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उनके साथ लंबित डीपीसी करवाने, सभी संवर्ग के ट्रांसफर करवाने, संगठन को मान्यता प्रदान करने, राज्य में पुरानी पेंशन लागू करने, अधिशेष समायोजन को पदोन्नति के बाद करने, जिला केंद्र पर शिक्षक भवन निर्माण, पंचायत शिक्षकों को स्थाई करने, जिले में विभागीय योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन, प्लास्टिक उपयोग रोकने के लिए शिक्षक समुदाय की भूमिका सहित विभिन्न विषयो पर मंत्री दिलावर के साथ संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिला संगठन मंत्री शंकर माली, कुंवारिया उप शाखा अध्यक्ष गणेश कुमावत, राजसमंद उप शाखा मंत्री अरुण प्रजापत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



# शिव कुमार व्यास रेसा पी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**राजसमंद (पुकार)।** रेसा पी का जिला शैक्षिक सम्मेलन व दीपावली मिलन कार्यक्रम रविवार को राउमावि धोइंदा में हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक प्रमोद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रहेन्द्र बंसल, दिलीप पारीक, कमल जोशी, मनीष सोनी, दीपक भरद्वाज, सीमा गहलोत, नरपत कविया, राजेंद्र हेड़ा, जयदीप कोठारी, प्रमोद पालीवाल थे। जबकी अध्यक्षता भेरू शंकर पूर्बिया ने कि। जिले से पचास प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शाला दर्पण, विभिन्न योजनाओं, समस्याओं पर वार्ताएं दी गई। प्रश्न मंच के माध्यम से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गए। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा में सर्व सम्मति से शिव कुमार व्यास को जिलाध्यक्ष, भवानीसिंह राव को सचिव, लीना भट्ट को उपाध्यक्ष, प्रवीण पहाड़िया को कोषाध्यक्ष चुना गया। संचालन जितेन्द्र सनाढ्य ने किया। आभार नरपत दान कविया ने ज्ञापित किया।



# 120 संभागी सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों के एक्सपोजर विजिट पर रवाना

**राजसमंद(पुकार)।** जिले के आठ ब्लॉक के सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों का दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट जैव मैत्री धाम पावापुरी, संघवी भेरू तारक, जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ के लिए रवाना हुआ। जिला कलेक्ट्रेट के बाहर दो बसों में लगभग 120 संभागी इस एक्सपोजर विजिट में भाग ले रहे हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम लाल गौड ने हरी झंडी दिखाकर प्रातः 11 बजे एक्सपोजर विजिट को रवाना किया। एक्सपोजर विजिट प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रूपेश पालीवाल ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से आठ सीडब्ल्यूएसएन बालक, दो सामान्य बालक एवं तीन अभिभावक अथवा विशेष शिक्षक इस एक्सपोजर विजिट में भाग ले रहे हैं। सह प्रभारी के रूप में कार्यक्रम अधिकारी विनोद हेड़ा, ब्लॉक आमेट से धर्मेंद्र शर्मा, कुंभलगढ़ से विष्णु बिश्नोई एवं अन्य विशेष शिक्षक इस एक्सपोजर विजिट में भाग ले रहे हैं।




# देव डूंगरी में शमशान की भूमि को लेकर विवाद मामला

- सालवी और रावत समाज अब आमने-सामने
- सालवी समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन
- एससी-एसटी प्रकरण में कार्रवाई और गांव में अस्थाई पुलिस चौकी की मांग
- तो रावत समाज के लोगों ने विवाद को बताया जानकारी का अभाव
- दोनों ही पक्ष प्रशासन से कर रहे हैं निष्पक्ष जांच की मांग

**राजसमंद (पुकार)।** जिले की कुशलपुरा पंचायत के देव डूंगरी गांव में शमशान की भूमि को लेकर हुए विवाद के बाद अब सालवी और रावत समाज आमने-सामने है। इस प्रकरण में दोनों ही समाज के लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपा। समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और पुलिस में दर्ज एससी-एसटी के प्रकरण में आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही के साथ ही गांव में एक अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। जबकि रावत समाज के लोग पूरे प्रकरण को जानकारी के अभाव में हुआ विवाद बता रहे हैं। सालवी समाज महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश नागर ने बताया कि जिला कलक्टर के माध्यम से गांव में शमशान की भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन उसमें शव दफनाने को लेकर रोका गया था। हांलाकि प्रशासन की मौजूदगी में शव दफनाया गया। इस घटनाक्रम को लेकर भीम थाने में दर्ज 22 नामजद लोगों के खिलाफ अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। गांव में अब गवाहों को डराया धमकाया जा रहा है। कार्रवाई करने और गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग को लेकर सालवी समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उधर रावत समाज के लोगों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि यह विवाद जानकारी के अभाव में हुआ था। सरपंच और प्रशासन द्वारा शमशान के लिए जमीन आवंटित करने की जानकारी गांव में नहीं दी गई थी। शव दफनाते समय जब महिलाओं और पुरुषों ने आपत्ति जताई तो उनके साथ अभद्रता की गई थी। लेकिन अब 22 नामजद और करीब 100 अन्य लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की रावत समाज ने भी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। इस दौरान अखिल भारतीय भीम सेना जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र रेगर, दलित मंच जिला संयोजक सोहनलाल भाटी, दलित एवं आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, अखिल भारतीय भीम सेना जिला उपाध्यक्ष अर्जुन पटवाल, अखिल भारतीय भीम सेना महिला ब्लॉक अध्यक्ष रेखा जटिया, नारायण पडियार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# वर्ल्ड रिमेंबरेंस डे मनाया, दोपहिया वाहनों पर लगवाए रेडियम

**राजसमंद (पुकार)।** नाथद्वारा स्थित चिकित्सालय एवं आरके चिकित्साल के ट्रॉमा सेंटर पर सोमवार को वर्ल्ड रिमेम्बरेंस डे पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को स्वयं सेवी संस्थान के सहयोग से एवं कार्यालय के उप परिवहन निरीक्षक अनीता पंवार द्वारा फल प्रदान कर उनके लिए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ भविष्य में उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की सलाह भी दी गई। टोल प्लाजा के सहयोग से दुपहिया वाहनों पर रेडियम लगवाए और दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया। सड़क पर घूमते पशुओं पर भी रेडियम लगवाए एवं चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने के लिए भी वाहन चालकों को प्रेरित किया गया।



# पंजाब के राज्यपाल कटारिया पहुंचे नाथद्वारा

**स्वतंत्रता सेनानी सोमटिया को दी श्रद्धांजलि**

**राजसमंद(पुकार)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने नाथद्वारा पहुंचकर स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन सोमटिया के निधन पर पुष्पांजलि अर्पित



कर गहरी संवेदना व्यक्त की। महामहिम ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उनके प्रति अपनी सहानुभूति और संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, नाथद्वारा नगर पालिका अध्यक्ष मनीष राठी, नेता प्रतिपक्ष प्रदीप काबरा, राजसमंद पूर्व नगर पालिका चेयरमेन अशोक रांका, नर्बदा शंकर पालीवाल, संगीता कंवर चौहान, धीरज पुरोहित, विकास पालीवाल, चंचल वैरागी सहित अन्य मौजूद थे। कटारिया ने कहा कि सोमटिया का जीवन नई पीढ़ी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# सरकारी भवन को ध्वस्त करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग

**राजसमंद (पुकार)।** राजसमंद-भीलवाड़ा जिले के बोर्डर पर स्थित मोखुंदा ग्राम पंचायत में तथाकथित लोगों द्वारा रात के अंधेरे में सरकारी भूमि पर कब्जा करने की नियत से वहां पर बने सरकारी भवन को खुर्दबुर्द करने के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचकर एसपी से मुलाकात कर आमेट पुलिस पर कार्यवाही कहीं करने का आरोप लगाया और एसपी मनीष त्रिपाटी को ज्ञापन सौंप जांच अधिकारी बदलने की मांग की। जानकारी के अनुसार नो दिन पूर्व 11 नवम्बर 24 को अर्द्ध रात्रि में मौका का फायदा उठाते हुए मोखुंदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चिकित्सकों के रहने के लिए बने पुराने क्वाटर के जर्जर भवन को अज्ञात व्यक्ति जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर लोहे के सामान चुराकर ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने सरकारी भवन ध्वस्त करने की जानकारी आई तो सभी एकत्रित हो गए और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद मौके पर पहुंचे पुलस व प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही का आश्वासन देने की बात कर उग्र ग्रामीणों से समझाईश की और सड़क मार्ग खुलवाया। इस मामले में रायपुर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर सरकारी भवन को ध्वस्त करने में उपयोग ली गई जेसीबी मशीन को जब्त कर और चालक को डिटैन किया। क्योंकि मामला राजस्व विभाग था। चिकित्सकों के लिए बने क्वाटर ग्राम पंचायत माद, पंचायत समिति देवगढ़ की भूमि पर बने हुए थे। इस पर मामला राजसमंद जिले क्षेत्र का है, इसके चलते मोखुंदा चिकित्सक की ओर से दी गई रिपोर्ट पर आमेट थाने में मामला दर्ज किया गया। लेकिन मामला दर्ज होने के एक सप्ताह बाद भी आमेट पुलिस द्वारा कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने बात पर ग्रामीणों का प्रतिनिधी मण्डल एसपी से मुलाकात कर मामले में त्वरीत कार्यवाही की मांग की। इस पर एसपी ने नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व उपप्रधान चन्द्रप्रकाश जैन, पूर्व सरपंच भगवानलाल कलाल, सरपंच प्रतनिधी मदन रेगर, बंसतीलाल लौहार, ठाकुर सोनी, शिवलाल जाट सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।



# भाजपा प्रताप मंडल की संगठन पर्व की कार्यशाला सम्पन्न

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती तासोल के चामुंडा माता मंदिर में भाजपा प्रताप मंडल संगठन पर्व की कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रारम्भ में संगठन पर्व के प्रभारी शोभालाल रेगर देवगढ़ ने कार्यशाला की रुपरेखा रखी। इस दौरान शोभालाल ने सक्रिय सदस्यता अभियान पर चर्चा की व आगामी बूथ समिति व बूथ अध्यक्ष के लिए दिशा -निर्देश दिए। कार्यशाला को मंडल के अध्यक्ष मुकेश जोशी, मंडल महामंत्री महेंद्र कोठारी, प्रकाश पालीवाल आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान मंडल महामंत्री प्रकाश पालीवाल, महेंद्र कोठारी, पूर्व उपप्रधान भरत पालीवाल, हितेश जोशी, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल लोहार, बंशी गुर्जर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन कुमावत, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रजापत, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकला पालीवाल, सदस्यता अभियान सह संयोजक जगदीश प्रजापत, खटामला सरपंच हिम्मतसिंह, मनीष दवे, जगदीश सिंह, किशन दवे, शिव शंकर पालीवाल, खुमानसिंह, देवीसिंह, सुखदेव, जगदीश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# बीएन कॉलेज ने महाराणा महेन्द्रसिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पी.जी गर्ल्स कॉलेज की ओर से भूपाल नोबल्स संस्थान उदयपुर के प्रधान संरक्षक एवं अध्यक्ष महाराणा महेन्द्रसिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने मेवाड़ के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होने बताया कि महाराणा मेवाड़ का देवलोक गमन मेवाड़ के लिए अपूरणीय क्षति है। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि मेवाड़ में शिक्षा की अलख जगाने एवं समाज सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहे। उनके द्वारा स्थापित मूल्यों एवं सिद्धान्तों को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान डॉ ललिता राठौड़, डॉ गजेन्द्रसिंह चारण, डॉ सम्पतलाल रेगर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने पुष्पांजली अर्पित की।



# मोदी राज में सनातन धर्म सशक्त बना : विधायक दीप्ति माहेश्वरी



राजसमंद(पुकार)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पीपरड़ा में तुलसी विवाह समारोह तथा जगेला में गायत्री धाम भूमि पूजन कार्यक्रम में कहा कि प्रधान मंत्री मोदी के कार्यकाल में सनातन धर्म का ध्वज ऊंचा लहरा रहा है तथा सनातन धर्म सशक्त बना है। विधायक ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के नेतृत्व में देश और राज्य का हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। देश दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने जहां राज्य में आर्थिक समृद्धि, अधोसंरचना संपर्क और सामाजिक कल्याण की दिशा में कई काम किए हैं। विकास की गंगा बह रही है। वहीं दूसरी ओर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। एक झटके में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही सनातन धर्म की पताका दुनिया में ऊंची लहरा रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन का लक्ष्य था कि भारत में सनातन धर्म को समाप्त कर पुनः अंग्रेजों की दास्ता की तरफ देश को ले जाना परंतु देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज का भारत दुनिया को जोड़ने का सामर्थ्य दिखाया। दुनिया के मंचों पर यह हमारा भारत विश्व मित्र के रूप में सामने आ रहा है। यह सनातन की ताकत थी कि स्वतंत्रता आंदोलन में फांसी पाने वाली वीर कहते थे कि अगला जन्म मुझे फिर भारत में ही गोद में देना। जो सनातन संस्कृति संत रविदास का प्रतिबिंब है। जो सनातन संस्कृति माता शबरी की पहचान है। जो सनातन संस्कृति महर्षि वाल्मीकि आधार है, उस सनातन ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़े रखा है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि देश के कोने-कोने में हर सनातनी को, इस देश को प्यार करने वाले को, इस देश की मिट्टी को प्यार करने वाले को सतर्क करने की जरूरत है। इंडिया गठबंधन के दल सनातन को मिटाकर ये देश को फिर एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं लेकिन हमें मिलकर ऐसी ताकतों को रोकना है। हमारी संगठन की शक्ति से, हमारी एकजुटता से उनके मंसूबों को नाकाम करना है।

# देर रात तक चली एक रात भेरुनाथ के नाम भजन संध्या





राजसमंद (पुकार)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में कीर समाज के भेरुनाथ मंदिर पर गणेशलाल, भेरूलाल कीर की ओर से आयोजित एक रात भेरुनाथ के नाम भजन संध्या में देर रात तक भगवान के भक्ति भजनों की रस धारा बरसती रही। भजन संध्या में भजन गायक प्रकाश चौधरी और उनकी टीम ने राजस्थानी तथा भगवान के भक्ति भजनों की प्रस्तुति देखकर श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। गणपति वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर हनुमान बालाजी, सांवरा सेठ व भेरुजी के भक्ति भजनों पर महिलाओं को नाचने से मजबूर कर दिया। मंदिर पुजारी मोहनलाल कीर तथा नारायण लाल कीर ने मंदिर में स्थित आवरी माता तथा भेरुनाथ की प्रतिमा पर विशेष श्रृंगार अनुष्ठान हवन कर कलाकारों का स्वागत किया।

# बेजुबान पशु-पक्षियों के प्रति दया ही इंसान की सच्ची इंसानियत है : मुनि अतुल



राजसमंद (पुकार)। जिले में मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार का चातुर्मासिक मंगल विहार केलवा से खटामला होते हुए बिनोल रोशन लाल बाफना के फार्म हाउस पर हुआ। इस दौरान मार्ग में नवल श्याम कृष्ण गौशाला धोली मंगरी का मुनिद्वय ने अवलोकन किया। तेरापंथ समाज की ओर से संक्षिप्त कार्यक्रम हुआ। मुनि अतुल कुमार ने कहा कि बेजुबान पशु-पक्षियों के प्रति दया ही इंसानों की सच्ची इंसानियत है। पशु -पक्षियों में भी इंसान के समान भावनाएं होती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि जानवर बोल नहीं सकते हैं। जानवरों के अधिकार, जानवरों के कल्याण और जानवरों की सुरक्षा का ध्यान कानून के अनुसार रखना होगा। पशुओं के पास भी एक अनुभवशील मन और भावनाएं होती हैं जो उन्हें इंसानों की तरह दुख, प्यार, खुशी, भय, भूख प्यास, दर्द, आक्रोश को अनुभव करने की क्षमता प्रदान करती हैं। पशु -पक्षी बेजुबान होते हैं इन्हें सताना नहीं चाहिए। बहुत सारे लोग उनके प्रति अच्छा व्यवहार नहीं रखते। हमें पशुओं से प्रेम रखना चाहिए और उनके साथ अच्छा बर्ताव करना चाहिए। गाय जिसे लोक व्यवहार में माता की उपमा दी गई है और जिससे हमें दूध मिलता है। हमें चाहिए कि हम उससे प्रेम रखें। अगर गाय किसी कारण दूध नहीं देती तो उसे ऐसे ही ना छोड़े। उसकी देखभाल करें, उसे भी अपने परिवार का एक सदस्य समझें। हम लोग यह भूल जाते हैं कि जिस ईश्वर ने हमें बनाया है उसी ने पशुओं को भी बनाया है। वे भी हम लोगों की तरह सुख-दुख का अनुभव करते हैं। वे विरोध नहीं कर सकते बस इसलिए हम उन्हें कष्ट देते चले जाते हैं। इस दौरान भामाशाह तनसुख बोहरा, गौशाला पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र बोहरा, वर्तमान अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल, सचिव पुष्कांत बडगुर्जर, व्यवस्थापक पोपटलाल माली, महेंद्र कोठारी अपेक्स, नरेंद्र कोठारी, प्रकाश बोहरा, राजेन्द्र कोठारी, दीपक कोठारी, विनोद कोठारी, मुकेश कोठारी, भावेश मेहता, निर्मल नाहर, राहुल मादरेचा, नीरू कोठारी, रत्ना कोठारी, भावना बोहरा उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भेदभाव छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान की उदयपुर संभागीय की बैठक सम्पन्न



राजसमंद (पुकार)। भेदभाव छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान की उदयपुर संभागीय की बैठक सोमवार को चौमुखा महादेव सभा भवन जल चक्की कांकरोली में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, गांव में अभियान के तहत बनाए गए सक्रिय समूह, एडवोकेट, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित स्वैच्छिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कोरो राजस्थान के रीजनल को-ऑर्डिनेटर हरलाल बैरवा सहित अभियान के सदस्यों याकूब मोहम्मद, गोवर्धन यादव, जवाहर ने अभियान के उद्देश्यों पर जानकारी प्रदान की। बैठक में सदस्यों ने महिला उत्पीड़न, जाति आधारित भेदभाव, दलित अल्पसंख्यक के साथ जो वर्तमान में भेदभाव होता है उसके बारे में चर्चा की गई। इस दौरान महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या रखी, जिसमें विशेष तौर पर वासोल ग्राम में सड़क और पानी की समस्या को समाधान के लिए अभियान से आग्रह किया। वक्ताओं ने अभियान से लोगों से अधिक से अधिक जुड़ने का आग्रह किया और संविधान प्रदत हमारे हक और अधिकार को प्राप्त करने के लिए आह्वान किया। यह अभियान लोगो को साथ लेकर चलेगा और भेदभाव का विरोध किया जाएगा। इस दौरान उषा रैगर, ललिता सालवी, सोहन रैगर, एडवोकेट रोशनलाल, एडवोकेट बद्रीलाल, एडवोकेट अफसाना बानो, सलमा बानो ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अभियान के तहत पूरे उदयपर संभाग के विभिन्न जिलों में बैठक आयोजित करके लोगों को जोड़ा जाएगा और लोगों के मुद्दों को कानूनी रूप से उठाकर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सहयोगी संस्थान प्रमुख रीता पालीवाल, राजश्री कला और सेवा संस्थान से मंजू जावड़िया का सहयोग रहा।

### महा मुकाबले में जीत के लिए लगाया दमखम

राजसमंद (पुकार)। जिला फुटबॉल संघ एवं नगरपरिषद के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय आयोजित सीनियर फुटबॉल चैम्पियनशीप में तीसरे दिन महा मुकाबले में करो या मरो जैसी स्थिति रही। दोनो ही टीमों ने अपनी-अपनी टीमों को जीत का शेरा बधवानें के लिए भरसक प्रयास किया। जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष घनश्याम बागोरा ने बताया की प्रतियोगिता के तीसरे दिन श्री नाथ क्लब कांकरोली बनाम आरके क्लब गवारडी के बीच जोर दार टक्कर देखने को मिली। बागोरा ने बताया की प्रतियोगिता में पूर्व नगरपरिषद सभापति सुरेश पालीवाल एवं रमेश लौहार ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष ने बताया हेमन्त पालीवाल ने बताया की तीसरे दिन के पहले मैच में श्री नाथ क्लब कांकरोली ने टॉस जीतते हुवे मैच की शुरूआत की।

**OFFICE OF MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN MEDICARE RELIEF SOCIETY MAHARANA BHUPAL GOVERNMENT HOSPITAL, UDAIPUR**

No./RMRS/2024/757 Dated: 11.11.24

**E Tender no. 07/11-11-2024**

NIB NO GHU2425A0025

Following Bids at Member Secretary, R.M.R.S., Maharana Bhupal Govt. Hospital, Udaipur are invited from interested bidder.

| Sr.no | Tender name | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1 | Rate contract of providing vechile | GHU2425WSRC00049 |

Other particular of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

Member Secretary
Rajasthan Medicare Relief Society
M.B.G.H., Udaipur

DIPR/C/11359/2024

# चातुर्मास के चार महीनो की घड़ी बीती चार पल के अवसान सी



राजसमंद (पुकार)। साध्वी डॉ परम प्रभा ने कांकरोली में चार महीना का चातुर्मासिक प्रवास के बाद मंगल विहार से पूर्व साध्वी ने कहा कि यह भी एक घड़ी है। जिसमें साधु-साध्वी चलते ही अच्छे लगते हैं, ना किसी से राग है, ना किसी से बैर की रीति को निभाते हुए आना और जाना एक निश्चित क्रम है। उसी के अनुसरण में राजा परदेसी का व्याख्यान बांछ कर साध्वी ने सुखे समाधै विहार कर द्वारकेश चौराहा, जेके मोड, पुराना बस स्टैंड, जल चक्की होते हुए सुभाष नगर में प्रवेश किया। जहां पर सामोता परिवार ने स्वागत किया। साध्वी ने भिक्षु बोधि स्थल राजनगर में प्रथम प्रवास किया। इस दौरान समाज जन एक रैली के रूप में साध्वी को विदाई दी। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान के अध्यक्ष लाभचंद बोहरा ने कहा कि विहार ही साधु साध्वी की प्रमुख चर्या होती है तथा मंत्री धनेन्द्र कुमार महता ने कहा की साध्वी का चार महीनो का चातुर्मास चार पल में बीत गया, ऐसा प्रतीत हो रहा है। उन्होने कहा कि चार महीनो की बीती घड़ी चार पल के अवसान सी।

# सीईओ बैरवा ने नरेगा कार्यस्थल एवं आवास का किया औचक निरीक्षण



राजसमंद(पुकार)। जिला परिषद सीईओ बृज मोहन बैरवा ने पंचायत समिति रेलमगरा के ग्राम पंचायत कुरज के मनरेगा कार्य स्थल पंचफल विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। कार्यरत श्रमिकों से टास्क अनुसार पूरा कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे कि पूरी मजदूरी मिल सकें। साथ ही ग्राम पंचायत कुरज को अपूर्ण पड़े नर्सरी विकास कार्य को भी पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। चारागाह में खादरा नाड़ी कार्य का भी निरीक्षण कर कनिष्ठ तकनीकी सहायक को विभागीय निर्देशानुसार ग्रुप अनुसार मजदूरी भुगतान के लिए निर्देशित किया। मेट को ग्रुप अनुसार कार्य देने एवं कार्य की मपती मस्ट्रोल में अंकित करने के लिए कहा। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्य रामलाल भील, शान्ति भील, हीराबाई कालबेलिया, हेमराज यादव एवं बद्रीलाल जाट के आवासों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए बोला और ग्राम पंचायत व विकास अधिकारी को समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र तैयार कर किश्त जारी करने का निर्देश दिए। इस दौरान विकास अधिकारी गिरिराज आगाल, कनिष्ठ तकनीकी सहायक गौरव उपाध्याय, कनिष्ठ सहायक माधवलाल सीरवी, भगवती लाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

(प्रपत्र संख्या - 7)
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

**नोटिस**

पत्रावली संख्या :- 159/2024 / उदयपुर / 5028 दिनांक 13.11.24

वास्ते :-

**एन.आई.सी.सी. एज्यूकेशनल सोसायटी,**
बी ब्लॉक, मीरा नगर, एन.आई.सी.सी.,
बोटानिकल कैफे के पास, उदयपुर

**एन.आई.सी.सी. एज्यूकेशनल सोसायटी, बी ब्लॉक, मीरा नगर, एन.आई.सी.सी.,** बोटानिकल कैफे के पास, उदयपुर की ओर से दृष्टि छाबडा, कोषाध्यक्ष ने प्रपत्र-6 मय विधान के पंजीयन कराने बाबत् **राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17** में आवेदन पेश किया।

अतः एव धारा 18 की प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता हैं कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 23.01.25 की रखी गयी है।

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

(जतीन कुमार गॉधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर

मोहर

# बांसवाड़ा में विराट धार्मिक महोत्सव की तैयारियां पूर्ण यौवन पर, संत-महात्माओं का लालीवाव मठ आगमन शुरू

**सात दिन तक रहेगी धर्म-अध्यात्म कुंभ की धूम,**

**अपूर्व अनुष्ठानों के प्रति श्रृद्धालुओं में उमड़ रहा आस्था का ज्वार**

बांसवाड़ा (पुकार)। लोकश्रृद्धा के सदियों पुराने परम्परागत धाम लालीवाव मठ में 20 नवम्बर से शुरू हो रहे अपूर्व एवं ऐतिहासिक विराट धार्मिक महोत्सव को लेकर की जा रही भव्य तैयारियां अपने चरम यौवन पर हैं और दिन-रात विभिन्न प्रबन्धों को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने का क्रम बना हुआ है।

इस महोत्सव के अन्तर्गत 108 श्रीमद्भागवत पारायण, श्रीविद्या एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ तथा जगविख्यात संत श्री राजेन्द्रदास देवाचार्य जी महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा आदि के वृहत कार्यक्रम होंगे, जो 27 नवम्बर तक जारी रहेंगे।

महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए देश के प्रमुख तीर्थों, अखाड़ों, आश्रमों और पीठों से संत-महात्माओं, साधु समाज के पदाधिकारियों और महामण्डलेश्वरों के लालीवाव पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है।

सोमवार को अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्रीश्री 1008 राधे राधे बाबा, गुरु आश्रम छींच के महंत श्री घनश्यामदास महाराज एवं संत श्री रघुवीरदास महाराज सहित कई संत-महात्माओं और बांसवाड़ा नगर परिषद के सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और भागवत कथा मण्डप एवं पाण्डाल, अन्नपूर्णा धाम, नौ कुण्डीय यज्ञ मण्डप तथा विभिन्न आयोजन स्थलों की व्यवस्थाओं को देखा और लालीवाव मठ के शिष्य परिवार एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की।

**आयोजन समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा :** सोमवार रात महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों की बैठक लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज के सान्निध्य में हुई। इसमें महोत्सव को लेकर अब तक की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई और सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर पूर्ण किए जाने के लिए कहा।

**लालशंकर पारगी एवं राधाकिशन खन्ना का अभिनन्दन :** लालीवाव मठ में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में समाज-जीवन और धर्म-अध्यात्मक तथा रचनात्मक गतिविधियों में उल्लेखनीय सेवाओं एवं अहम् भूमिका के लिए वयोवृद्ध सामाजिक चिन्तक लालशंकर पारगी एवं राधाकिशन खन्ना का अभिनन्दन किया गया।

लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज एवं नगर परिषद के सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने पारगी एवं खन्ना का उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया और सामाजिक एवं आंचलिक लोक जागरण तथा धार्मिक आध्यात्मिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक भुवनमुकुन्द पण्ड्या, कोषाध्यक्ष नगेन्द्र दोसी चावलवाला सहित अन्य पदाधिकारी सीए अंजनी त्रिवेदी, शान्तिलाल भावसार, ईश्वरदास वैष्णव, रामशंकर जोशी, विनोद जोशी, कार्यालय प्रभारी मनोहर जोशी, सुधीर चौबीसा, इच्छाशंकर शर्मा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फाइनेंस कर्मी बन वाहन चालकों से लूट के आरोपी गिरफ्तार

बांसवाड़ा (पुकार)। स्वयं को फाईनेंस कम्पनी का कार्मिक बताकर वाहन चालकों से लूट करने के आरोपियों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सदर बुधाराम ने बताया कि गत 13 नवंबर को प्रार्थी रावजी ने रिपोर्ट दी कि वह 6 जून को बांसवाड़ा से अपने गांव बेडाउ थाना आनंदपुरी जा रहा था कि सागड़ौद चौराहे पर दो लड़कों ने अपनेआप को फाईनेंस कर्मचारी बताकर मारपीट करते हुए मोटरसाईकिल लूट ली।

पुलिस ने अनुसंधान का जिम्मा हैड कांस्टेबल प्रकाश को सौंपा एवं एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में एएसपी राजेश भारद्वाज, वृत्ताधिकारी गोपीचंद मीणा के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी बुधाराम के नेतृत्व में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गयी।

इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि गुड्डू उर्फ जितेन्द्र पुत्र लक्ष्मण कटारा निवासी गामड़ी थाना सदर एवं सुनील पुत्र मोगजी यादव निवासी बोरवट थाना सदर लिप्त हो सकते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो लूट की मोटरसाईकिल के अलावा इनकी निशादेही से लगभग 11 अन्य मोटरसाईकिलें जब्त की गयी।

जब्त किये गये वाहनों के कोई कागजात आरोपी पेश नहीं कर पाये। थानाधिकारी ने बताया कि इन लोगों से अन्य मोटरसाईकिलें मिलने की भी संभावना है। पुलिस टीम में थानाधिकारी बुधाराम, सहायक उपनिरीक्षक रमेशचंद्र व परीक्षित, हैड कांस्टेबल दिग्पाल सिंह, प्रकाश, कांतिलाल व फूलशंकर, कांस्टेबल अनिल कुमार, पूंजीलाल, निलेश, राहुल व महिला कांस्टेबल दिप्ती शामिल रही। इस मामले के खुलासे में कांस्टेबल अनिल कुमार व पूंजीलाल की विशेष भूमिका रही।

(प्रपत्र संख्या - 7)
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

**नोटिस**

पत्रावली संख्या :- 159/2024 / उदयपुर / 5023 दिनांक 13.11.24

वास्ते :-

**दृष्टि फाउण्डेशन दृष्टि फॉर हर फ्यूचर प्रोजेक्ट**
बी ब्लॉक, मीरा नगर, एन.आई.सी.सी. के सामने,
डॉ. कुलश्रेष्ठ के पास, उदयपुर

**दृष्टि फाउण्डेशन दृष्टि फॉर हर फ्यूचर प्रोजेक्ट,** बी ब्लॉक, मीरा नगर, एन.आई. सी.सी. के सामने, डॉ. कुलश्रेष्ठ के पास, उदयपुर की ओर से श्रीमती मनजीत कौर छाबडा, अध्यक्ष ने प्रपत्र - 6 मय विधान के पंजीयन कराने बाबत् राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 में आवेदन पेश किया।

अतः एव धारा 18 की प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता हैं कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 23.01.25 की रखी गयी है।

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

(जतीन कुमार गॉधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर

मोहर

# एमपी निर्मित 33 पेटी अवैध शराब व वाहन जब्त

बांसवाड़ा (पुकार)। पाटन थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश निर्मित लगभग 1 लाख रुपये कीमत की 33 पेटी अवैध शराब व वाहन जब्त किया।

थानाधिकारी हिम्मत बुनकर ने बताया कि आईजी एस. परिमला, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के निर्देशन व कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी मदनलाल विश्नोई के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना पाटन की टीम ने मध्यप्रदेश से अवैध रुप से तस्करी कर राज्य में लाई जा रही अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही एवं रोकथाम के लिये 17 नवंबर को संध्याकालीन गश्त की।

पुलिस जाप्ता बड़ी सरवा गांव से बाहर खवासा एमपी जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों को चैक कर रहे था कि नाकाबंदी के दौरान खवासा एमपी तरफ से सफेद रंग के वाहन के आने पर पुलिस जाब्ते ने रोकने का इशारा किया जिस पर चालक ने वाहन को तेज गति से भगाया।

पुलिस जाप्ते को शंका होने से वाहन का पीछा किया तो पकड़े जाने के डर से चालक गाड़ी को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

वाहन की जांच करने पर उसके अंदर मध्यप्रदेश राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब बीयर जिसमें लंडन प्राईड प्रीमियत व्हीस्की के 3 कार्टून एवं पावर कूल बीयर के 24 कार्टून, देशी मदिरा प्लेन के 6 कार्टून शराब-बियर भरी होना पाया गया।

जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग 1 लाख रुपये हैं।

थानाधिकारी ने बताया कि शराब तस्करी करने वाले वाहन स्वामी राजेश पुत्र भैराजी अहारी निवासी बरवाला राजिया थाना आंबापुरा एवं अन्य अभियुक्तों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर शराब तस्करी करवाने वाले मुल्जिम की तलाश जारी है। साथ ही शराब लाने व ले जाने के संबंध में भी जांच की जा रही है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी हिम्मत बुनकर, सहायक उपनिरीक्षक शंकरलाल, हैड कांस्टेबल छत्रपाल सिंह, महावीर प्रसाद व किर्तन सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, नारायणलाल व चालक कांस्टेबल महेश पाटीदार शामिल रहे।

# फर्जी एप से धोखाधड़ी के 3 अभियुक्त गिरफ्तार

बांसवाड़ा (पुकार)। पुलिस थाना कोतवाली ने फर्जी फोन पर एप से रुपये ट्रांसफर करना बताकर धोखाधड़ी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 13 नवंबर को प्रार्थिया टीना पत्नी भरतसिंह निवासी बांसवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि 10 नवंबर को लगभग 3.20 बजे दो व्यक्ति मोटरसाईकिल लेकर उसकी ई-मित्र की दुकान पर आए और दोनों व्यक्तियों ने मास्क लगा रखा था। जिनमें से एक ने प्रार्थिया के फोन पे स्केनर पर 5 हजार रुपए स्कैन कर 5 हजार रुपये मांगे, जिस पर प्रार्थिया ने पैसे भेजने का एसएमएस देखा, 5 हजार रुपये उसके पति भगतसिंह के एकाउंट में नहीं आये थे।

प्रार्थिया के पति उस व्यक्ति से पूछते उतने में वह दोनों अपनी मोटरसाईकिल से भाग गए। जिस पर इधर-उधर जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि ये लड़के राकेश गुप्ता की ई-मित्र की दुकान से भी पैसे ले गये व अशोक कुमार एवं दिपेश उपाध्याय की दुकान से भी फर्जी तरीके से सामान ले गये।

ये लड़के फर्जी एप के जरिये लोगों के साथ ठगी करते हैं। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशानों की खोजबीन की।

इस दौरान उक्त वारदात करने वाले तीन आरोपी राहुल गरासिया पुत्र देवीलाल निवासी आकाशवाणी कॉलोनी थाना राजतालाब, नकुल पुत्र प्रशांत पंड्या निवासी आकाशवाणी कॉलोनी व धीरज पुत्र चोबसिंह शाक्य निवासी नीलम नगर थाना राजतलाब से पूछताछ की तो इन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया जिस पर इन्हें गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में इन्होंने बताया कि फोन पे जैसी फर्जी एप से क्यूआर कोड स्केन करने पर वास्तविक रुप से ट्रांसफर होने जैसा दिखाई देता है लेकिन रुपये ट्रांसफर नहीं होते हैं इस तरह फर्जी फोन पे एप से लोगों के साथ धोखाधड़ी करते थे।

पुलिस टीम में पुलिस निरीक्षक देवीलाल मीणा, उपनिरीक्षक गंगाराम, सहायक उपनिरीक्षक चन्द्रवीर सिंह व सुशीला, आंबापुरा थाने के हैड कांस्टेबल विशाल सिंह, कांस्टेबल सुनील, अरविन्द कुमार, लालसिंह व भूपेन्द्र शामिल रहे।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष स.0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262, वेबसाइट - www-udaipurmc.org

क्रमांक :- उद्यान/2024-25/66 दिनांक :- 13/11/2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 05/2024-25**

नगर निगम द्वारा गुलाब बाग उदयपुर में बागवानी, सफाई, सुरक्षा व विकास कार्य की दर संविदा (एक वर्ष के लिए) किये जाने के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है जिसकी अनुमानित लागत 75.54 लाख रू. है। बिड से संबंधित विवरण **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.udaipurrmc.org.net** पर उपलब्ध हैं। निविदा की प्रारंभ तिथि 14.11.2024 तथा अंतिम तिथि 25.11.2024 है। प्री बिड मिटिंग नगर निगम उदयपुर कार्यालय में दिनांक 21.11.2024 को 3.00 बजे आयोजित की जाएगी।

**UBN No.: UNP2425WSOB00136**

अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, उदयपुर

राज.संवाद/सी/24/7874

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा भुवाणा मंडल की कार्यशाला संपन्न



**उदयपुर (पुकार)।** भाजपा भुवाणा मंडल की संगठन महापर्व की कार्यशाला बावड़ी वाला हनुमानजी मंदिर प्रांगण भुवाणा में आयोजित की गई।

संगठन महापर्व के जिला संयोजक पूर्व प्रदेश महामंत्री विरमदेव सिंह जैसास ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ पर जाये और निर्विरोध चुनाव कराए।शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से है। इस दौरान जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक, उपाध्यक्ष प्रेमसिंह शक्तावत, खूबीलाल पालीवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पिंकी मांडावत, जिला मंत्री गजेन्द्र भंडारी, भुवाणा मंडल अध्यक्ष गिरीश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष खूबेश सुथार, मुकेश जोशी, महामंत्री भंवर सिंह देवड़ा, शंकर डांगी, शांतिलाल गमेती,वरडा सरपंच दुल्हे सिंह देवड़ा, पं.स.सदस्य संजू सुथार, रोशन मेघवाल, भुवाणा पूर्व सरपंच अनिल चित्तौड़ा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### युगधारा की गोष्ठी




**उदयपुर (पुकार)।** साहित्यिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्था युगधारा की मासिक गोष्ठी थियोसोफिकल सोसायटी सभागार में आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता किरण बाला किरन ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित नरोत्तम व्यास तथा विशिष्ट अतिथि प्रो निर्मल गर्ग रही। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार निष्काम ने किया धन्यवाद लोकेश चंद्र चौबीसा ने ज्ञापित। गोष्ठी में महेंद्र कुमार साहू, पंडित नरोत्तम व्यास, प्रोफेसर निर्मल गर्ग, डॉ शीतल श्रीमाली, कमल सुहालका, पुष्कर गुप्तेश्वर, लोकेश चंद्र चौबीसा, किरण बाला किरन, मीनाक्षी पंवार मीशांत, रामदयाल मेहरा, विनोद कुमार राठौर ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

### लघु पुस्तिका बनाकर प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के जाने माने मिनीएचर आर्टिस्ट चन्द्र प्रकाश चित्तौड़ा ने प्रियदर्शिनी श्रीमती इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में लघु पुस्तिका बनाकर नमन किया हैं। चित्तौड़ा ने विश्व जगत में प्रियदर्शिनी के नाम से जानी गई शख्सियत देश की प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयन्ती पर उनके जीवन चरितार्थ लघु पुस्तिका बनाई है और इसमें इंदिराजी के व्यक्तित्व, शिक्षा, राजनैतिक सफर आदि पहलुओं का संग्रहण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की है। वहीं, दूसरी ओर चित्तौड़ा ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली वीर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयन्ती पर उनके जीवन चरितार्थ लघु पुस्तिका बनाई है। कलाकार ने इसमें लक्ष्मीबाई के बचपन, व्यक्तित्व, युद्ध संघर्ष आदि पहलुओं पर प्रकाश डालकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की है।

### बृज के पारम्परिक व्यंजनों का हुआ अन्नकूट



**उदयपुर (पुकार)।** अग्र बृज रज परिवार का छप्पन भोग कार्यक्रम अन्नकूट प्रसादी के साथ अमरख जी महादेव पर सम्पन्न हुआ। परिवार के रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सीपी बंसल द्वारा छप्पनभोग व सत्यनारायण गुप्ता द्वारा अन्नकूट की प्रसादी कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न कराया। अन्नकूट प्रसादी की विशेषता रही कि इसमें बृज भरतपुर संभाग के अन्नकूट अवसर पर बनाये जाने वाले पारंपरिक व्यंजन जैसे बाजरा, कढ़ी,पुए,पकोड़े आदि का प्रसाद सभी परिवार जनों ने ग्रहण कर अपने क्षेत्र की याद ताजा की ओर हर्षउल्लास के साथ भगवान की प्रसादी प्राप्त की व महा आरती सभी अग्र बृज रज परिबार जनों द्वारा की गई।

### भागवत कथा सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** वाकल माता चौराहे पर स्थित पुष्पांजलि विहार कॉलोनी में ईश्वर प्रेम आश्रम में भक्ति प्रिया भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह ईश्वर प्रेम पीठाधीश्वर महंत भक्ति प्रिया के शिष्य कन्हैया महाराज द्वारा अंतिम दिवस की सुदामा चरित्र की भव्य प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। सभी भक्त श्रोता गणों ने कथा श्रवण का भरपूर आनंद लिया, फिर महाप्रसादी भी हुई।

# महाराणा मेवाड़ को बीएन संस्थान ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की






**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा महेंद्र सिंह जी मेवाड़ को विद्या प्रचारिणी सभा, बी एन संस्थान के वृहद परिवार ने सामूहिक रूप से अपने परम अभिभावक, मार्गदर्शक, संस्थान के तृतीय प्रधान संरक्षक एवं आजीवन अध्यक्ष को गोलोक गमन पर संस्थान के समस्त प्रबंध मंडल, कार्यकारिणी सदस्यों, भूतपूर्व छात्रगणों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने संस्थान के प्रताप चौक में भावभीनी श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की। इस आयोजित शोकसभा में संस्थान के समस्त पदाधिकारीगण और सभी विभागों के डीन, डायरेक्टर इत्यादि ने अपने-अपने उद्गार प्रकट करके सुयोग्य शिक्षानुरागी महाराणा महेंद्र सिंह जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित युवा पीढ़ी को अवगत कराया. ज्ञातव्य है कि महाराणा मेवाड ने बी एन की प्रगति में एक अभूतपूर्व योगदान दिया और उनके नेतृत्व में संस्थान ने कई अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुआ। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौर ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्रीजी हुजूर महाराणा महेन्द्र सिंहजी मेवाड़ इस संस्थान की प्रगति के प्रज्ञापुरूष के रूप में जाने-माने जायेंगे एवं लगभग चालीस वर्षो से इस संस्थान के आधुनिक उन्नायक थे। और सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया ने कहा कि श्री जी हुजूर मेवाड़ के अध्यक्षीय कार्यकाल में इस संस्थान ने मात्र तीन इकाईयों से विश्वविद्यालय तक की शैक्षणिक यात्रा करते हुए निर्विवाद रूप से शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया।

इस अवसर पर विद्या प्रचारीनी सभा उपाध्यक्ष डॉ दरियाव सिंह चुंडावत, संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह ताना, हनुमंत सिंह बोहेड़ा, नवल सिंह जुड़, कुलदीप सिंह ताल, महेंद्र सिंह पाखंड, महेंद्र सिंह पाटिया, कमलेश्वर सिंह सारंगदेवोत, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ औरओल्ड बॉय अध्यक्ष एकलिंग सिंह ओलादर, सचिव भानु प्रताप सिंह झीलवाडा आदि गणमान्य उपस्थित थे।

## तीसरी राजस्थान जुजुत्सु प्रतियोगिता में उदयपुर के खिलाड़ियों ने 16 स्वर्ण सहित 26 पदक जीते



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान के जयपुर जिले के सवाई मान सिंह स्टेडियम में 15 और 16 नवम्बर को आयोजित 3 री राजस्थान जुजुस्तु चौपियनशिप 2024 उदयपुर के 19 खिलाड़ियों ने अलग अलग इवेंट में 16 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कॉस्य पदक जीते।

उदयपुर टीम के कोच एवम उदयपुर जुजुत्सु एसोसिएशन के सचिव रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया की भारतीय युवा खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त जुजुत्स मार्शल आर्ट्स खेल के इस टूर्नामेंट मे खिलाड़ियों ने जुजुत्सु की फाइटिंग और नेवाजा स्पर्धा मे अलग अलग केटेगरी मे पदक हासिल किए।

मनीष सालवी सीनयर केटेगरी -69 किग्रा. फाइट इवेंट मे गोल्ड मेडल, फूल कॉन्टेक्ट मे गोल्ड और निवाजा मे ब्रौंज मेडल,राहुल सुहालका 18 केटेगरी 50 किग्रा. फाइट इवेट में गोल्ड मेडल,देवांश चौरसिया -16 केटेगरी -60 किग्रा. फाइट इवेंट मे सिल्वर मेडल ,धारा बंदवाल - 16केटेगरी -52 किग्रा. फाइट इवेंट मे ब्रौंज मेडल, विकास सालवी सीनयर केटेगरी -56 किग्रा. फूल कॉन्टेक्ट इवेंट मे गोल्ड, फाइटिंग मे ब्रौंज और निवाजा मे सिल्वर मेडल जीता, हरी सिंह देवड़ा सीनयर केटेगरी -62 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड और फूल कॉन्टेक्ट मे गोल्ड मेडल, साकेत सांवरिया अन्डर-12 केटेगरी -30 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड और निवाजा मे गोल्ड मेडल , हर्षिल राठौड़ अन्डर -10 केटेगरी -25 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे सिल्वर मेडल, लेखांश कावड़िया अन्डर-8 केटेगरी 28 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता, रूद्र मीणा अन्डर-8केटेगरी -21 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता, हर्षित चौधरी अन्डर-10 केटेगरी -25 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे ब्रौंज मेडल , धृत जैन अन्डर-10 केटेगरी -25 किग्रा. निवाजा इवेंट मे सिल्वर मेडल ,युवान जैन अन्डर-12 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल ,देवराज सिंह अन्डर-14 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे ब्रौंज मेडल , लक्ष्यवीर सालवी अन्डर-14 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे सिल्वर मेडल , मेघांशी कावड़िया अन्डर-12 केटेगरी 40 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल , कियोष्का कुमावत अन्डर-10 केटेगरी 30 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल, टीशा बन्दवाल अन्डर-14 केटेगरी -36 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल, आरुषि चौरसिया अन्डर-14 केटेगरी -44 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता।

उदयपुर जुजुत्सु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राजस्थान ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अरुण के द्वारा सम्मानित किया गया।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत फील्ड इन्वेस्टीगेटर प्रशिक्षण 19 व 20 को

**उदयपुर (पुकार)।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के मद्देनजर फील्ड इन्वेस्टीगेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार 19 नवम्बर को डाइट उदयपुर के टैगोर हॉल में आयोजित किया जाएगा।

डाइट प्राचार्य चंद्रशेखर जोशी के अनुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट उदयपुर के तत्वावधान में संस्थान के सेवारत प्रभाग द्वारा प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी के निर्देशन में यह प्रशिक्षण दो बैच में आयोजित किया जाएगा। फील्ड इन्वेस्टीगेटर के लिए डाइट में अध्ययनरत 107 छात्राध्यापकों को चयनित किया गया है। इसी प्रकार सलूंबर जिले के लिए भी डाइट उदयपुर द्वारा बुधवार 20 नवंबर को अनेकांत सेवा संस्थान सलूंबर में 103 अन्य फील्ड इन्वेस्टीगेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिनका चयन सेवा संस्थान सलूंबर से ही किया गया है। दोनों स्थानों पर प्रशिक्षण के लिए ओबराकलां गोगुंदा की प्रधानाचार्य रीना अग्रवाल तथा खाम कोटड़ा के वरिष्ठ अध्यापक खुश्वेंद्र अधिकारी को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया। ये फील्ड इन्वेस्टीगेटर आगामी 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में विक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

## अग्रसेन जयंती समापन पर हुई प्रसादी



**उदयपुर (पुकार)।** महाराजा अग्रसेन जी की 5148 वी जयंती जो अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में संयोजक लश्करी समाज अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल व सह संयोजक गजेंद्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस वर्ष धूमधाम से व आनंदपूर्वक सम्पन्न होने पर प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। मीडिया प्रभारी रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर पांचों समाज के पदाधिकारी, कार्यक्रमो के संयोजक महिला समितियों के अध्यक्ष सचिव प्रमुख रूप से शामिल हुए।



## आरोहण युवा महोत्सव की तैयारियां ज़ोरों पर

**उदयपुर (पुकार)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिया और सुखाड़िया विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 24-25 दिसंबर को आरोहण युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि तैयारियों के लिए पूरे राजस्थान से दिया इकाई के कार्यकर्ता रविवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में शामिल हुए। शांतिकुंज प्रतिनिधि रामावतार, आईआईटी जोधपुर के डॉ. विवेक विजय एवं मुख्य आयोजना अधिकारी उदयपुर जिला पुनीत शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारी के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया और आगे की कार्ययोजना के दिशा निर्देश दिए गए।

आयोजन समिति सदस्य नितेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोहण युवा महोत्सव में युवाओं की दैनिक चुनौतियों के आध्यात्मिक समाधानों पर विशेषज्ञ चर्चा, एक्टिविटी जोन, पुस्तक मेला एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें देशभर से युवा भाग लेंगे। सोशल मीडिया वर्टिकल प्रमुख आदित्य ने बताया कि कार्यक्रम में 3 मुख्य विभागों में समानांतर कार्यक्रम चलेंगे जो समग्र स्वास्थ्य, 21 वीं सदी के कौशल एवं सोशल मीडिया व मानवीय संबंधों पर केंद्रित होंगे।

## पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्राची सोनी, जयेश नागदा एवं करण जांगिड़ बने बेस्ट लिफ्टर




**उदयपुर (पुकार)।** पैसिफिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय ने 15 नवम्बर इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग बेस्ट फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप का समापन समारोह रविवार को विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया हॉल में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी क्रीड़ा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर हेमंत कोठारी, मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक डॉ विपिन माथुर एवं फार्मेसी के निदेशक प्रोफेसर पी.के.चौधरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर नीरज श्रीमाली, फिजिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर हेमंत पांडे, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के डॉक्टर यशवंत मेनारिया, डॉक्टर गगन व्यास, जयसिंह जी, डॉक्टर नीलम यादव आदि खेल प्रभारी एवं विनोद साहू पावर लिफ्टिंग इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी एवं उदयपुर ओलंपिक संघ के सिलेक्टर उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय क्रीड़ा मंडल के मुख्य वेटलिफ्टिंग कोच चंद्रेश सोनी के अनुसार दो दिवसीय प्रतियोगिता परिणाम घोषित किया गया।

पावरलिफ्टिंग पुरुष वर्ग : दिनेश चौहान, करण जांगिड़, जयेश कमाया जयेश नागदा !

पावरलिफ्टिंग महिला वर्ग- प्राची व्यास, ममता तनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग पावर लिफ्टिंग में मोहित भाटी, निखिल शर्मा, फरहान खान रहे। वेटलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में मोहित भाटी दिनेश चौहान जयेश कमोया फरहान खान प्रथम रहे महिलाओं में प्राची सोनी प्रथम रही। प्राची,जयेश एवं करण जांगिड़, बने विश्वविद्यालय बेस्ट लिफ्टर। चैंपियनशिप का आयोजन फार्मेसी विभाग के सहायक प्रोफेसर अनुक्रमण सिंह एवं राजीव सेन के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गुंजन जादौन ने किया। संस्था के चेयरमेन राहुल अग्रवाल एवं विश्वविद्धालय रजिस्ट्रार शरद कोठारी द्वारा विजेताओं को बधाई दी गई।

## टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन श्रीयादे जयंती पर



**उदयपुर (पुकार)।** मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चोखला द्वारा टेलीफोन डायरेक्टरी के प्रकाशन को लेकर कमेटी की बैठक ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता गणेश लाल प्रजापत घासा ने की। चौखले के महामंत्री लक्ष्मी लाल प्रजापत ने बताया कि टेलीफोन डायरेक्ट्री प्रिंट करवाने को लेकर बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में डायरेक्ट्री प्रकाशन के लिए संपादक मंडल का गठन किया गया। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत ने बताया कि टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन श्रीयादे देवी जयंती के अवसर पर किया जाएगा। सचिव प्रकाश प्रजापत ने बताया कि डायरेक्ट्री प्रकाशन के दौरान समाज बंधु विज्ञापन के लिए संपादक मंडल से सम्पर्क कर सकते हैं। चौखला सह सचिव कालू लाल प्रजापत ने बताया कि विज्ञापन संकलन के लिए प्रकाश भटेवर, कालू लाल सराय, लक्ष्मी लाल सांगावा, भगवान लाल साकरोदा, पूरण साकरोदा, गोवर्धन शीशवी को नियुक्त किया गया। सभी सदस्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों से विज्ञापन संकलन का कार्य करेंगे। डायरेक्ट्री के कंपोजिंग का कार्य चौखला महामंत्री लक्ष्मी लाल प्रजापत सांगवा सौंपा गया हैं। इस अवसर पर चोखला कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत, सहकोषाध्यक्ष भगवान लाल साकरोदा, गणेश लाल, कैलाश चंद्र, उमेश दरौली आदि उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चे मिले वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों से



**उदयपुर (पुकार)।** सीडलिंग स्कूल के बच्चों ने तारा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों से मिले। बच्चों द्वारा आवासीय बुजुर्गों के लिए डांस भी प्रस्तुत किया गया। बुजुर्गों से मिलकर बच्चे भावुक हो गये। उन्होंने जाना कि घर परिवार में दादा-दादी, नाना-नानी का प्यार जरूरी है। उनके साथ रहकर बच्चा खुश और सुरक्षित रह सकता है। बुजुर्गों ने बच्चों के साथ मिलकर भजन व पुराने फिल्मी गीत सुनाएं। इस अवसर पर आवासीय बुजुर्ग सतीश अग्रवाल ने संस्था की जानकारी दी।

### जिला स्वच्छ भारत मिशन-कार्यकारी परिषद की बैठक आज

**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्वच्छ भारत मिशन-कार्यकारी परिषद की बैठक 19 नवंबर को सुबह 11 बजे जिला परिषद सीईओ हेमेन्द्र नागर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। सीईओ नागर ने बताया कि बैठक में विश्व शौचालय दिवस अभियान 2024 के शुभारंभ, स्वच्छता मित्रों के सम्मान, व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को शौचालय स्वीकृति पत्रों का वितरण, सामुदायिक शौचालय आदि बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 19 को

**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार 19 नवंबर को सुबह 10.30 बजे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शंकर बामनिया ने बैठक में समस्त विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी एजेण्डा अनुसार समस्त सूचनाओ के के उपस्थित रहने को कहा है।

## वरिष्ठ योगाचार्य डॉ मीना बाबेल का किया सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** मॉर्निंग योगा क्लब की ओर से वरिष्ठ योगाचार्य डॉ मीना बाबेल का 1000 दिन से ज्यादा निशुल्क योग सत्रों का शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संपादन कर स्टार बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर वृहद स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के संरक्षक व विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव के के शर्मा ने बताया कि डॉ मीना बाबेल ने उदयपुर के विभिन्न स्थानों पर 19 सितंबर 2021 से 10 अक्टूबर 2024 तक 1000 से ज्यादा निशुल्क सत्र लेकर कई लोगों को योग से लाभान्वित किया व योग केंद्र की पहली महिला रिकॉर्ड होल्डर धारक बनी। सम्मान समारोह में योग सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ दीपेंद्र सिंह चौहान, डॉ नरेंद्र सनाढ्य, यतींद्र सिंह बाबेल, योगाचार्य सीमा कुमावत, सुधीर पोद्दार, गोपाल प्रजापत, योगेंद्र शर्मा, भंवर चौधरी, मोहनलाल पालीवाल, मोहनलाल साहू, रानी पोरवाल, सीमा कुमावत, सुनीता खण्डेलवाल उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.